# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025







* मुंबई। महाराष्ट्र में मादक पदार्थ के मामले में दो विदेशी नागरिकों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व में लगाया गया था फंदा, कैमरे में ट्रेस कर अफसरों ने किया रेस्क्यू

# शिकारियों के फंदे में सात दिन फंसा रहा बाघ, भूख-प्यास से रहा व्याकुल, उसके दोनों पैरों में जख्म, रायपुर लाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व के बीजापुर बफर रेंज में शिकारियों के बिछाए फंदे एक बाघ फंस गया। उसके दोनों पंजे फंदे में उलझ गए। कहा जा रहा है कि सात दिनों तक बाघ वहीं भूखे-प्यासे फंसा रहा। कैमरे में ट्रेस होने के बाद वन विभाग ने उसका रेस्क्यू किया। बाघ के दोनों पिछले पैर फंदे की वजह से बुरी तरह जख्मी है, इस वजह से इलाज के लिए उसे जंगल सफारी रायपुर भेजा गया। फॉरेस्ट अफसरों का कहना है कि बाघ के चोट में सड़न आ चुकी थी और कीड़े पड़ चुके थे, जिससे बाघ की हालत और भी गंभीर हो गई थी। वन विभाग को इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल एक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। ट्रैंकुलाइज कर बाघ को बेहोश किया गया, फिर सावधानीपूर्वक उसके पैरों से तार हटाकर प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए जंगल ▶▶|शेष पेज 7 पर





### बाघ की हालत गंभीर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक संदीप बलगा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बाघ की हालत गंभीर है, लेकिन चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है और उसकी स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा रही है। वन्यजीव संरक्षण पर बड़ा सवाल इस घटना ने जंगलों में सक्रिय शिकारियों और उनके द्वारा लगाए जा रहे घातक जालों को लेकर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है।

### कुछ साल पहले शिकारियों ने किया था एक बाघ का शिकार

ज्ञात हो की कुछ साल पहले इंद्रावती टाइगर रिजर्व के कोंडामौसम के जंगलों में शिकारियों ने एक बाघ का शिकार कर उसे मार दिया था और उसके अंगों का सौदा करने के लिए उसे बाजार में बेचने का प्रयास किया था। जिसके बाद आईटीआर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 40 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### बाघ की उम्र 5 से 6 वर्ष

घायल अवस्था में जंगल सफारी लाया गया बाघ मेल है। उसकी उम्र पांच से छह वर्ष के करीब है। बाघ की हालत काफी क्रिटिकल है। बाघ को बचाने हर संभव कोशिश की जा रही है। बाघ के दोनों पैर के पंजों के घाव पांच से सात दिन पुराना होने की आशंका है।

- डॉ. जय किशोर जडिया, वन्यजीव चिकित्सक जंगल सफारी

सुकमा में डीएफओ के पद पर रहते हुए की थी गड़बड़ी

# सात करोड़ के बोनस घोटाले में पहली गिरफ्तारी, आईएफएस पटेल को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करोड़ों के तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला में सुकमा के तत्कालीन डीए फओ, निलंबित आईएफएस अफसर अशोक कुमार पटेल को ईओडब्लू, एसीबी ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अफसर को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए सात दिनों के लिए 23 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया है। जांच एजेंसी ने ईओडब्लू की विशेष अदालत में 30 अप्रैल तक रिमांड की मांग की थी। घोटाले के आरोप में राज्य में आईएएस, आईपीएस के बाद किसी आईएफएस अफसर की यह पहली गिरफ्तारी है।

हरिभूमि फॉलोअप

तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला में आईएफएस अफसर की पूर्व से ही गिरफ्तारी की आशंका व्यक्त की जा रही थी। सूत्रों के मुताबिक ईओडब्लू के अफसर अशोक कुमार पटेल को बोनस वितरण घोटाला में पूछताछ के लिए कई बार तलब कर चुके थे। पूछताछ में सहयोग नहीं करने पर ईओडब्लू ने गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। आईएफएस अफसर की गिरफ्तारी के बाद और कई लोगों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। अशोक पटेल को कोर्ट में पेश किया गया तब उनके साथ उनके परिवार के लोग भी कोर्ट परिसर में उपस्थित थे। कोर्ट ने पूछताछ के दौरान अशोक पटेल को उनके परिजनों से नियमित आधे घंटे तक मुलाकात करने का आदेश दिया है।

पिछले माह बस्तर में एजेंसी ने कुंजाम समेत कई प्रबंधकों के ठिकानों पर मारे थे ताबड़तोड़ छापे



### छापे की कार्रवाई के बाद एफआईआर

सात करोड़ रुपए के तेंदूपत्ता बोनस वितरण घोटाला में ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने मार्च में अशोक पटेल के सरकारी निवास के साथ ही उनके पैतृक निवास रायगढ़ तथा पैतृक गांव में छापे की कार्रवाई की थी। छापे के बाद ईओडब्लू ने आठ अप्रैल को सीपीआई नेता तथा पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, आधा दर्जन से ज्यादा वनकर्मी, अफसर तथा कारोबारियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। अपराध दर्ज करने के दो दिन बाद ईओडब्लू ने घोटाले के आरोपियों के यहां 10 अप्रैल को सुकमा तथा कोंटा में अलग-अलग जगहों में छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में वनमंडल कर्मी राजशेखर पुराणिक के घर से ईओडब्लू ने 26 लाख 63 हजार 700 रुपए नद जब्त किए थे।

### यह है पूरा मामला

सुकमा के तत्कालीन डीएफओ पर वनकर्मी, अफसर, नेता तथा कारोबारियों के साथ साठ-गांठ कर तेंदूपत्ता बोनस वितरण राशि में घोटाला करने का आरोप है। यह घोटाला वर्ष 2021 और 2022 के तेंदूपत्ता सीजन से जुड़ा है, जिसमें छह करोड़ 50 लाख रुपए की राशि संग्राहकों को दी जानी थी, जिसे डीएफओ ने हितग्राहियों को वितरण करने के बजाय फर्जी लोगों के नाम से वितरण दिखाकर आपस में बंदरबांट कर लिया। घोटाला करने नक्सल प्रभावित क्षेत्र का हवाला देकर नकद राशि वितरण करने वन मुख्यालय से विशेष अनुमति ली गई थी।

परीक्षाओं में कम उपस्थिति को देखते हुए साय कैबिनेट का फैसला, कई और अहम मुद्दों पर निर्णय

# पीएससी-व्यापम समेत प्रतियोगी परीक्षाओं में जो उपस्थित होंगे, उनकी फीस होगी वापस

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के हित में निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल एवं विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड, सरगुजा, बस्तर,बिलासपुर, द्वारा आयोजित परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी जो परीक्षा अथवा साक्षात्कार में उपस्थित होंगे उन्हें उनके द्वारा दी गई परीक्षा शुल्क की राशि वापस की जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट का मानना है कि इससे सिरियस केन्डीडेट की परीक्षा में उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ेगा, वहीं नॉन सिरियस केन्डीडेट और इनइलिजिबल केन्डीडेट परीक्षा फॉर्म नहीं भरेंगे और इनके कारण राज्य शासन को होने वाली आर्थिक क्षति भी कम होगी।

खास खबर

कैबिनेट की बैठक में राज्य के छोटे व्यापारियों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के प्रारूप में निहित संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसके अनुसार राज्य सरकार छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी और 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रूपए तक की वैट देनदरियों को माफ करेगी। इससे 40 हजार से अधिक व्यापारियों को लाभ होगा।

### छोटे व्यापारियों की देनदारी होगी माफ

#### राज्य के कारखानों से खरीदी जाएगी शक्कर

मंत्रिपरिषद ने राज्य में सहकारिता को प्रोत्साहन दिये जाने के उद्देश्य से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शक्कर वितरण हेतु अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक आवश्यक शक्कर का क्रय राज्य के सहकारी शक्कर कारखानों से करने का निर्णय लिया है।



#### एनआईएफटी का नया कैंपस नवा रायपुर में

कैबिनेट की बैठक में नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में एनआईएफटी के कैम्पस को मंजूरी प्रदान की गई। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का नया कैम्पस छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में स्थापित किया जाएगा। कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार इस परियोजना की कुल संभावित लागत करीब 271.18 करोड़ रुपये होगी। इसमें भूमि खरीदने के लिए 21.18 करोड़, भवन निर्माण के लिए 200 करोड़ और मशीनरी, फर्नीचर आदि के लिए 50 करोड़ रुपये का व्यय शामिल है।

#### बायो सीएनजी सयंत्रों के लिए रियायती जमीन

मंत्रिपरिषद ने राज्य के नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण हेतु स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि आबंटन किये जाने की सहमति प्रदान करते हुए आगे की कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग एवं संबंधित नगर निगमों को अधिकृत किया है।

#### प्रदेश के युवाओं को मिलेंगे अवसर

एनआईएफटी की स्थापना से फैशन शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और फैशन उद्योग को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित मानव संसाधन भी उपलब्ध हो सकेंगे। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी) भारत में फैशन शिक्षा का एक प्रमुख संस्थान है, जिसकी स्थापना 1986 में कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत हुई थी। एन.आई.एफ.टी. के पूरे भारत में 17 परिसर हैं, जिनमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु शामिल हैं। यह संस्थान फैशन डिजाइन, प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रदान करता है। संस्थान फैशन डिजाइन, टेक्सटाइल डिजाइन, फैशन प्रबंधन ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट संयंत्र को 100 एकड़ जमीन

*छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को औद्योगिक और आर्थिक विकास के नए शिखर पर ले जाने की दिशा में आज एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में महानदी मंत्रालय भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) को राज्य में हैवी अर्थ मूविंग इक्वीपमेंट मैन्यूफैक्चरिंग संयंत्र की स्थापना की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। इस संयंत्र के लिए बिलासपुर, चांपा के समीप नेशनल हाईवे से लगी 100 एकड़ भूमि को टोकन दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका उद्देश्य स्थानीय रोजगार सृजन और सूक्ष्म-लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देना है। छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30, जो एक नवंबर 2024 से लागू हुई, सरकार ने राज्य को निवेशकों के लिए अनुकूल बना दिया है। इस नीति का मूल मंत्र न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन है, जिसके तहत उद्योगों को स्थापित करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। सिंगल विंडो* ▶▶|शेष पेज 7 पर

INDIAN PREMIER LEAGUE — स्कोर बोर्ड

| | | |
|---|---|---|
| हैदराबाद | Vs | मुंबई |
| 162/5 | | 166/6 |

4 विकेट से जीती मुंबई इंडियंस

36 रन, विल जैक्स
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच
बेंगलुरु Vs पंजाब
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय अमेरिकी दौरे पर होंगे राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अगले सप्ताह दो दिनों के अमेरिका दौरे पर जाएंगे। वह भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात करने के साथ ही ब्राउन विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष 21 और 22 अप्रैल को अमेरिका में होंगे।

### अलका पांडे फ्रांसीसी पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी राजदूत थेरी मथौ ने कला इतिहासकार अलका पांडे को 'ऑफिसियर डान्स ल' ऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस' का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। यह सम्मान पांडे की कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों, भारत की समृद्ध कला विरासत की महान विविधता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए उनकी आजीवन प्रतिबद्धता तथा फ्रांस और भारत के बीच सांस्कृतिक संबंधों में उनके दीर्घकालिक योगदान को मान्यता देता है।

समय पर उपचार नहीं मिलने से दो नवजात की मौत

# आठ घंटे प्रसव पीड़ा से तड़पती रही महिला, मृत पैदा हुआ बच्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं बुरा हाल है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को एक नर्स के भरोसे छोड़ दिया जा रहा है और डॉक्टर नदारद रह रहे हैं तो कहीं लोगों को रिफर करने के बाद भी एंबुलेंस भी नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में भारी लापरवाही के दो मामले सरगुजा में सामने आए है। एक तरफ अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही और गैर मौजूदगी के कारण महिला को मृत बच्चा ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ उदयपुर में तीन घंटे एक होता रहा एंबुलेंस का इंतजार, नवजात ने तोड़ा दम



### नर्स के भरोसे अस्पताल, जन्मा मृत बच्चा

एक नर्स के भरोसे ही पूरे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को छोड़ दिया गया। इस दौरान प्रसूता दर्द से तडपती रही। ना ही कोई चिकित्सक पहुंचा और ना ही प्रसूता को सही उपचार मिला जिसके बाद महिला ने एक मृत बच्चे को जन्म दिया। बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड के ग्राम बरगीडीह निवासी ज्योति पति मुनेश्वर सोनवानी को प्रसव पीड़ा होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बीएमओ का वीडियो वायरल

लुंड्रा विकासखंड में बरगीडीह अस्पताल में लापरवाही का यह कोई पहला मामला नहीं है। अब मामले में लुंड्रा बीएमओ का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वे कहते नजर आ रहे है कि ▶▶|शेष पेज 7 पर

### होगी कड़ी कार्रवाई

जनहित से जुड़े किसी भी मामले में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उदयपुर के मामले में ड्यूटी नर्स को नोटिस जारी करने के साथ ही इन्क्रीमेंट रोकने का निर्देश सीएमएचओ को दिया गया है। इसके साथ ही बरगीडीह क्षेत्र से भी लगातार शिकायतें मिल रही थी। सभी मामलों में तीन दिनों के भीतर नोटिस का जवाब मांगा गया है।

-डॉ. अनिल शुक्ला, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

हरियाणा भूमि सौदा

# ईडी ने तीन दिन में वाड्रा से की 16 घंटे तक पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा 2008 के हरियाणा भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को लगातार तीसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए। जांच के तहत वाड्रा (56) से पिछले तीन दिनों में 16 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई। वह अपनी पत्नी एवं सांसद प्रियंका गांधी के साथ ईडी कार्यालय पहुंचे।

### क्या है मामला

जांच फरवरी 2008 में हुए एक भूमि सौदे से संबंधित है, जिसमें वाड्रा से जुड़ी एक कंपनी, 'स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड' ने गुरुग्राम के शिकोहपुर में 'ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज' नामक कंपनी से 7.5 करोड़ रुपये की कीमत पर 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। वाड्रा इस कंपनी में पहले निदेशक थे।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जताई नाराजगी

# धनखड़ बोले-अदालतें राष्ट्रपति को कोई आदेश नहीं दे सकतीं

*धनखड़ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया*



भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम स्वयं संभालेंगे और एक 'सुपर संसद' के रूप में कार्य करेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय-सीमा तय की थी। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को कोई आदेश नहीं दे सकतीं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। धनखड़ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ उपलब्ध न्यूक्लियर ▶▶ शेष पेज 7 पर

### भारत में राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा

धनखड़ ने कहा कि भारत में राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा है और राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण एवं बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसदों और न्यायाधीशों सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और वह भी किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। इसके लिए पांच या उससे अधिक न्यायाधीशों की आवश्यकता होती है।

### जज के घर से जले हुए नोटों के बंडल का जिक्र

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के आवास से बड़े पैमाने पर नकदी की बरामदगी से जुड़े मामले में प्राथमिकी दर्ज न किए जाने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि क्या "कानून से परे एक श्रेणी" को अभियोजन से छूट हासिल है। धनखड़ ने कहा, अगर यह घटना आम आदमी के घर पर हुई होती, तो इसकी (प्राथमिकी दर्ज किए जाने की) गति इलेक्ट्रॉनिक रॉकेट सरीखी होती, लेकिन उक्त मामले में तो यह बैलगाड़ी जैसी भी नहीं है।उपराष्ट्रपति ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्र जांच या पूछताछ के खिलाफ किसी तरह का सुरक्षा कवच नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी संस्था या व्यक्ति को पतन की ओर धकेलने का सबसे पुख्ता तरीका उसे जांच से सुरक्षा की पूर्ण गारंटी प्रदान करना है।

छत्तीसगढ़ ने जारी किया नियम में संशोधन

# छत्तीसगढ़ -ओडिशा के मध्य बसों के लिए खोले गए 170 नए रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्य ओडिशा के बीच 170 नए मार्गों पर दोनों तरफ से यात्री बसें चलाने की तैयारी है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार ने रूट तय कर दावा आपत्ति मंगाई है। यही प्रक्रिया ओडिशा सरकार द्वारा भी अपनाई जाएगी। दोनों राज्यों के बीच सहमति बनने के बाद इंटर स्टेट यात्री बसों का संचालन होगा। हालांकि इससे पहले अब तक छत्तीसगढ़ की बसों के लिए ओडिशा में चलना बेहद कठिन है। बस ऑपरेटर इस विवाद को लेकर भारी नाराजगी में हैं। छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच अंतरराज्यीय परिवहन ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि सरोकार



**ये है संशोधन** एक राज्य से परमिट रखने वाले व्यक्ति को निवास के परिवर्तन या व्यवसाय के प्रमुख स्थान के आधार पर पारस्परिक राज्य से परमिट प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्थायी अनुज्ञा पत्र के अंतरण की अनुमति केवल परिवार के सदस्यों के मध्य होने पर ही दी जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार एवं उड़ीसा सरकार द्वारा स्वीकृत अनुज्ञा पत्रों एवं प्रतिहस्ताक्षर किये गये अनुज्ञा पत्रों की सूची को दोनों राज्य साझा करेंगे।

### वाहनों का अंतराल कम से कम 10 मिनट का होगा

नवीन अनुज्ञापत्र की स्वीकृति के दौरान प्राप्त आपत्तियों व अन्य तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए, वाहनों के मध्य कम से कम 10 मिनट का युक्तियुक्त अंतराल बनाए रखा जायेगा। दोनों राज्यों के मध्य अवैध वाहन संचालन संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी: और छत्तीसगढ़ के बस संचालकों को उड़ीसा राज्य में वाहन संचालन हेतु सभी प्रकार की सुविधा और आवश्यक सहयोग उड़ीसा सरकार द्वारा प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार की सुविधा व सहयोग छत्तीसगढ़ राज्य में उड़ीसा के वाहन संचालकों को दी जायेगी।

### बस संचालकों में नारजगी, कही ये बात

छत्तीसगढ़ से ओडिशा की ओर बस संचालन करने वाले आपरेटरों में मौजूदा व्यवस्था को लेकर नाराजगी है, क्योंकि उनके वाहनों को ओडिशा में चलने नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनवर अली का कहना है कि ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ राज्य के बीच जो फेरों की संख्या बढ़ाई जा रही है, उससे सिर्फ फायदा ओडिशा के बस ऑपरेटरों को होना है, क्योंकि ओडिशा राज्य के बस ऑपरेटर और परिवहन ▶▶|शेष पेज 7 पर

# हमर-प्रदेश





## नहर में डूब रही युवती को युवकों ने बचाया

## आत्महत्या का प्रयास या पैर फिसला, उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज/धमतरी
रूद्री बरॉज की मुख्य नहर में एक युवती के कूदने तथा उसे दो युवकों द्वारा बचाने का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। युवती ने आत्महत्या के इरादे से नहर में छलांग लगाई थी या पैर फिसल गया था, इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। रूद्री बरॉज से मुख्य नहर में निस्तारी तथा पेयजल के लिए भारी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। बुधवार को एनआर ध्रुव रूद्री के घर कार्यक्रम में पहुंचा युवक मुख्य नहर में नहाने के लिए पहुंचे था तभी एक युवती पुल में गिरी जिसे युवकों ने देखा। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि लड़की पानी में बह रही है। वीडियो में आवाज आ रही है। युवती काफी समय से पुल में खड़ी थी। वहीं पर मौजूद दो लड़के बिना किसी देर लगाये नहर में छलांग लगा दी और उसे सुरक्षित बचा लिया।







### तरह-तरह की हो रही चर्चा

बताया जा रहा है कि लड़की आमदी क्षेत्र की है। उसके पास से सुसाइड नोट भी मिला था। लेकिन पुलिस की पूछताछ के दौरान उसने पुल से पैर फिसलने के कारण नहर में गिरने का बयान दिया है।

---

## खबर संक्षेप

### गांजा बेचते दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा, कार जब्त



**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नेवई डेम इमली झाड के पास दबिश देने पर मकान नंबर 25/2 मैत्री नगर रिसाली निवासी मुकेश मोदी के पास से 13.345 किलो ग्राम गांजा, कार सीजी 07 एमबी 3698 और तिरंगा चौक बीआरपी कालोनी स्टेशन मरोदा राज कुमार ठाकुर से 2.172 किलो ग्राम गांजा, स्कुटी सीजी 07 सीजी 4499 (विकलांग वाहन) जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 20(ख) 27(क) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर अग्रीम कार्यवाही की जा रही हैं। कार्रवाई में आईपीएस व थाना प्रभारी राहुल बसंल समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### सिम के नाम पर फर्जीवाड़ा युवती पर हुआ अपराध दर्ज

**भिलाई।** सिम कार्ड के लिए आधार और बायोमैट3कि के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाली युवती के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। युवती पर पुलिस ने धारा 419,420 के तहत कार्रवाई किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 निवासी गोट्टेमुक्खला रवि ने सेक्टर 6, सड़क 55 रोड़ के किनारे छतरी लगा कर सिम बेचने वाली युवती के पास सिम खरीदने गया। युवती का नाम निशा शेण्डे बताया गया है। युवती ने आधार कार्ड ,लाईफ फोटो बायोमेट्रिक लेकर सिम पीड़ित के बिना जानकारी के अन्य को बेच दिया। घटना की जानकारी साइबर पुलिस दुर्ग के माध्यम हुई।



### पैसे देने से युवक ने मना किया तो चाकू से हमला

**राजनांदगांव।** नशे के लिए पैसा की मांग करने पर प्रार्थी द्वारा मना करने से आरोपी ने गाली-गलौज कर चाकू से हमला किया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 15 अप्रैल को प्रार्थी ने चौकी चिखली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 अप्रैल को रात्रि करीबन साढ़े 11 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती से घूमकर वापस आकर शंकरपुर तालाब के पास रूका था। उसी समय मोहल्ले का शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली आकर शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। मना किया तो गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकू से जांघ में वार कर चोंट पहुंचाया है। रिपोर्ट पर चौकी चिखली में धारा 296, 351(2), 115(2), 119(1) भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर शंकरपुर तालाब के पास घेराबंदी कर आरोपी शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली उम्र 25 साल साकिन गौराचौरा शंकरपुर को गिरफ्तार कर कार्रवाई किया है।



---

### उसूर, जांगला, नेलसनार थाना व कोबरा बटालियन की संयुक्त कार्रवाई

# दो ईनामी सहित 22 नक्सली गिरफ्तार, विस्फोटक भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित उसूर, जांगला व नेलसनार थाना क्षेत्र से जिला बल व सीआरपीएफ की सयुंक्त टीम ने 22 नक्सलियों को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में दो ईनामी भी शामिल है। सभी नक्सलियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एरिया डॉमिनेशन पर निकली टीम द्वारा इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

खास खबर

नक्सलियों के खिलाफ पहली कार्रवाई थाना उसूर क्षेत्र में की गई। उसूर थाना से थाना एवं कोबरा 205, 210 बटालियन की टीम अभियान के दौरान टेकमेटला के जंगल से विस्फोटक के साथ 7 सक्रिय माओवादियों को टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार एवं प्रतिबंधित संगठन का पाम्पलेट आदि के साथ पकड़ा। गिरफ्तार नक्सलियों में बासागुड़ा थाना क्षेत्र के रेखापल्ली निवासी मिलिशिया मेंबर देवा माड़वी 23 वर्ष के अलावा चैनु माड़वी 20 वर्ष, मल्ला माड़वी 24 वर्ष, माड़वी लखमा 45 वर्ष, लाला मीड़ियम 30 वर्ष, अंदा माड़वी 32 वर्ष व गंगा माड़वी 39 वर्ष शामिल है। वहीं दूसरी कार्रवाई में थाना जांगला एवं डीआरजी का संयुक्त बल बेलचर, भुरीर्पानी एवं कोटमेटा की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान बेलचर के जंगल से विस्फोटक के साथ 6 सक्रिय माओवादियों को टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, डेटोनेटर, बिजली का तार, बैटरी, खुदाई का औजार, टंगिया आदि के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार नक्सलियों में आरपीसी सीएनएम मेंबर समीला ओयाम 22 वर्ष निवासी छोटेपल्ली पटेलपारा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर के अलावा सन्तु ओयाम 23 वर्ष, सायबो माड़वी 39 वर्ष, रमेश आरकी 19 वर्ष, शंकर आरकी 22 वर्ष तथा कोहले ओयाम 22 वर्ष निवासी कोलनार थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर शामिल है।









### बचाव मंच अध्यक्ष समेत 9 गिरफ्तार

नक्सलियों के खिलाफ तीसरी कार्रवाई थाना नेलसनार व कैम्प हेमलापारा 8 सी बटालियन द्वारा की गई। अभियान के दौरान कांदाकरका के जंगल से 9 सक्रिय माओवादियों को टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, डेटोनेटर, बिजली का तार, बैटरी, खुदाई का औजार, नक्सल साहित्य, टंगिया आदि के साथ पकड़ा गया।

### ये पकड़े गए

गिरफ्तार नक्सलियों में मूलवासी बचाव मंच अध्यक्ष सोमा ओयाम 28 वर्ष निवासी लेकावाड़ा थाना ओरछा जिला नारायणपुर के अलावा मुन्ना ओयाम 25 वर्ष, पीलू ओयाम 35 वर्ष, मोटू ओयाम 20 वर्ष, मंगड़ू ओयाम 22 वर्ष, मंगड़ू ओयाम 40 वर्ष, पण्डरू ओयाम 20 वर्ष, रामू ओयाम 25 वर्ष तथा मुन्नी ओयाम 20 वर्ष निवासी लेकावाड़ा थाना ओरछा जिला नारायणपुर शामिल है। गिरफ्तार सभी नक्सलियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

---

### खाने की बात पर हुआ था विवाद

# पिटाई से बहू की मौत ससुर ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर।

परपा थाना क्षेत्र के मावलीगुड़ा पण्डरीपानी में खाने की बात पर हुए विवाद के चलते ससुर ने बहू पर लकड़ी के पाटे से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बहू का डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही ससुर ने भी सदमे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया।



जानकारी के मुताबिक घटना 8 अप्रैल की है। मावलीगुड़ा पण्डरीपानी निवासी गोदावरी नाग भोजन कर रहा था। बहू प्रफुल्लदेवी से खाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि ससुर ने अपनी बहू पर लकड़ी के पाटे से हमला कर दिया। हमले से गंभीर बहू को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान 15 अप्रेल को उसकी मौत हो गई। बहू की मौत की खबर लगते ही सदमें में ससुर ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परपा पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पीएम के बाद ससुर व बहू का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### एक साथ हुआ बहू व ससुर का अंतिम संस्कार

एक ही दिन ससुर व बहू की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दोनों के शव का आसपास ही गांव में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण अंतिम यात्रा में शामिल हुए। मृतक के तीन पुत्र हैं। बहू की लगभग 6 वर्ष की पुत्री व ढाई वर्ष का एक पुत्र है जिनके सिर से मां का साया उठ चुका है। क्षणिक आवेश के चलते दो लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा।

---

### टाइगर रिजर्व एवं अभयारण्य भी नहीं है सुरक्षित

# डेढ़ महीने में 4818 बार जले सरगुजा के जंगल झुलसा हजारों एकड़ वनक्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

गर्मी के डेढ़ महीनों में इस बार जंगलों के जलने की 4818 घटनाएं हुई हैं। जंगल में आग लगने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि होने के पीछे महुआ संग्रहण करने वाले ग्रामीणों को कारण बताया जा रहा है जो महुआ बीनने के लिए के लिए पेड़ के नीचे की जगह साफ करने के लिए सूखे पत्तों में आग लगा देते है। वनों के संरक्षण की जिम्मेदारी वन अमले की है लेकिन कोई भी जंगल जलने की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। क्षेत्र के ग्रामीण महुआ संग्रहण करने तड़के परिवार के सदस्यों के साथ जंगल पहुंच जाते हैं तथा पेड़ के नीचे गिरे सूखे पत्तों में आग लगा देते हैं जो जंगल में फैल जाता है। इस सीजन में हर साल जंगल जलने की घटनाएं होती हैं। इस बार मार्च से अब तक विक्षोभ के प्रभाव से ओले गिरने एवं बेमौसम बारिश होने की पांच घटनाएं हो चुकी है। मौसम के अनुकूल रहने के बावजूद जंगल जलने की घटनाएं चिंता का विषय है। जंगल में आग लगने की घटनाएं देखे तो पिछले तीन सालों में इस बार जंगल जलने की सर्वाधिक घटनाएं हुई हैं। वर्ष 2023 में सरगुजा वनवृत्त में जंगल जलने की 4675 घटनाएं वहीं वर्ष 2004 में 2562 जबकि इस वर्ष 4818 घटनाएं हो चुकी है।



### टाइगर रिजर्व में हो रही है सर्वाधिक घटनाएं

मानवीय दखल के मामले में सबसे सुरक्षित टाइगर रिजर्व एवं अभयारण्यों को माना जाता है लेकिन हैरानी वाली बात है कि इस बार गुरु घासी दास नेशनल पार्क में जंगल जलने की सर्वाधिक 929 घटनाएं हुई है। कई घटनाएं ऐसी भी हुई है जिसमें 20 दिनों तक जंगल जलते रहे तथा अपनी जान बचाने के लिए हिंसक व शाकाहारी वन्य जीव इधर-उधर भटकते रहे। पिछले साल नेशनल पार्क में जंगल जलने की 313 तथा वर्ष 2024 में 522 घटनाएं हुई है।

### कार्रवाई की जा रही

पिछले वर्षों की तुलना में इस बार जंगल में आग लगने की घटनाएं अधिक हुई हैं। मामले में विभिन्न वन मंडल में पांच कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। वहीं आधा दर्जन से अधिक को नोटिस जारी किया गया है। आग की 30 से अधिक घटनाओं पर कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

-वी मातेश्वरन, सीसीएफ, सरगुजा

### जंगल जलाने में बलरामपुर आगे

सरगुजा वन वृत्त अंतर्गत छह वन मंडलों में जंगल जलाने के मामले में बलरामपुर वन मंडल सबसे आगे है। इस बार बलरामपुर वन मंडल में जंगल जलने की सर्वाधिक 793 घटनाएं हुई है। वर्ष 2023 में यहां जंगल जलने की रिकॉर्ड 1111 घटनाएं हुई थी जो गत वर्ष घटकर 424 पहुंच गई थी। जंगल जलाने के मामले में इस बार दूसरे नंबर पर मनेन्द्रगढ़ वन मंडल है जहां अब तक 875 घटनाएं हुई हैं जबकि तीसरे नंबर पर कोरिया वनमंडल 704 घटनाएं, सूरजपुर वन मंडल में 629 आग लगने की घटनाएं हुई है। जशपुर वन मंडल में 381 जबकि सरगुजा वन मंडल में 153 घटनाएं हुई है। सरगुजा के कई बीट ऐसे हैं जहां जंगल जलने की 30 से अधिक घटनाएं हुई हैं। इस बार उदयपुर परिक्षेत्र का रामगढ़ जंगल लगभग एक महीने तक वहीं टाइगर रिजर्व का बड़ा इलाका लगातार 20 दिनों तक जलता रहा तथा वन अमला अपनी मजबूरी का रोना रोता रहा। आग से हजारों हेक्टेयर जंगल झुलस गया है।

---

## जंगल गए ग्रामीण को हाथी ने सूंड़ से पटका, गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल अंतर्गत जंगल गए एक ग्रामीण का सामना हाथी से गया है। ऐसे में ग्रामीण मौके से भाग न सका और हाथी ने सूंड़ से पटक पटक कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में वन अमला आगे की कार्रवाई में जुट गया है।

दरअसल मृतक भगत राम राठिया (50) धरमजयगढ़ के बायसी का रहने वाला था। गुरुवार की सुबह 5 बजे वह घर से निकल कर आमगांव बीट के 372 आरएफ की ओर कहीं जा रहा था। तभी रास्ते में उसका अचानक एक जंगली हाथी से सामना हो गया। हाथी को देख भगत भागने का प्रयास किया, लेकिन हाथी ने उसे दौड़ा कर सूंड से पकड़ लिया। इसके बाद हाथी ने उसे पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। सुबह जब हाथियों की निगरानी के लिए ट्रैकर टीम जंगल पहुंची तो उन्होंने भगत की लाश देखी और मामले की सूचना विभाग के अधिकारियों को दी गई। इसके बाद तत्कालीन धरमजयगढ़ के रेंजर मौके पर पहुंचे और शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में दो हाथी विचरण कर रहे हैं। ग्रामीणों को सतर्क कर जंगल ओर नहीं कहा जा रहा है।

---

# पार्टी मनाकर लौट रहे युवकों ने आरक्षकों को पीटा, वर्दी भी फाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पार्टी मना कर लौट रहे पांच युवकों ने दबंगई दिखाते हुए दो पुलिस आरक्षकों को जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। सभी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 121 (1)132 बीएनएस, 190, 191, 221, 296, 324, 351 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

अंजोरा पुलिस ने बताया कि पुलिस चौकी में पदस्थ आरक्षक प्रदीप कुर्रे बुधवार की रात 9.45 बजे ड्यूटी के लिए घर से निकला था। इस दौरान चौकी के सामने बने कट से चौकी की ओर मुड़ रहा था। तभी थार वाहन से तेज रफ्तार में रॉन्ग साइड से खन्ना ढाबा से वाहन में आ रहे युवकों की वाहन आरक्षक की बाइक से टकरा गई। इस दौरान युवक मकान नंबर 15/35 स्ट्रीट 35 वार्ड 11 शांति नगर निवासी श्रीजल सोनी उर्फ पुनीत पिता राजेश सोनी 20 वर्ष, मकान 120 स्ट्रीट 1 शांति नगर जशकरण सिंह पिता जशवंत सिंह 20 वर्ष, वार्ड 11 मकान नंबर 334 स्ट्रीट नंबर 5 शांति नगर जशराज सिंह पिता सतनाम सिंह 20 वर्ष, हाउसिंग बोर्ड कैलाश नगर सरस्वती शिशु मंदिर के पास जामुल अनुराग तिवारी पिता वीरेन्द्र तिवारी 21 वर्ष, रंधावा निवास साकेत नगर कोहका यशराज सिंह रंघावा पिता निर्मल सिंह रंधावा 19 वर्ष पहुंच गए। आरक्षक प्रदीप के साथ गाली गलौज मारपीट करने लगे। इस दौरान आरक्षक अपनी जान बचाते हुए थाने की ओर आया।



### अपराधियों की असली जगह जेल

पांच युवको को पुलिस ने पकड़ा है। जिले में अपराध करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। इनकी असली जगह जेल है। गैंगवार, हिस्ट्रीशीटर को भी नहीं बख्शा जाएगा। ऑनलाइन सट्टे से जुड़े लोगों पर होगी कार्रवाई पुलिस पैनी नजर नजर लगी हुई है।

**जितेन्द्र शुक्ला,** एसपी दुर्ग

---

### नक्शे में नहीं होने के चलते 4 दशक से चौड़ी करने का कार्य अटक रहा

# राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में प्रतिबंधित क्षेत्र के 6.01 किमी का नहीं हो रहा चौड़ीकरण

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के केशलूर से सुकमा जिले में 170 किमी राज्यमार्ग बना हुआ था। उसके बाद वर्ष 1982 में 200 वर्ग किलोमीटर कांगेर घाटी उद्यान स्थापित किया गया, इसमें से 6.01 किमी सड़क कांगेरघाटी उद्यान में रहा, जिसके चलते यह सड़क का चौड़ीकरण या मरम्मत प्रतिबंधित किया गया। यह सड़क कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के माध्यम से गुजरती है और इसके चौड़ीकरण से गुफाओं और वन्यजीवों को नुकसान हो सकता है। यही कारण से सड़क चौड़ीकरण का कार्य अस्थायी रूप से रूका गया है। उसके बाद भी लगभग 36 वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार ने इसी 170 किमी को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया, जो वर्तमान राष्ट्रीय राजमार्ग-30 है। बस्तर जिले को सुकमा जिले से जोड़ने वाली सड़क लगभग 36 साल पहले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 घोषित किए गए थे, लेकिन प्रतिबंधित होने के चलते 6.01 किलोमीटर की सड़क राज्य मार्ग बनी हुई है। लगभग 170 राष्ट्रीय राजमार्ग में से 6.01 किलोमीटर की सड़क कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के नक्शे में होने के चलते यह सड़क ढाई मीटर चौड़ा है, जिसका चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है। जबकि यह सड़क आंध्रप्रदेश, तेलंगाना राज्यों को जोड़ती हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के बावजूद राज्य मार्ग के रूप में उपयोग की जा रही है। बस्तर से सुकमा जिले छिंदगढ़ तक नेशनल हाइवे की हालत बद से बदतर हो चुकी है।



### खुद पर आंसू बहा रहा एनएच

बस्तर जिले के दरभा झीरम घाटी नेशनल हाईवे-30 पर 11 वर्ष पूर्व हुए देश के सबसे बड़े नक्सली हमलों में से एक झीरम घाटी हमले में 31 लोगों की शहादत हो गई, इसके चलते यह सड़क याद दिलाकर खुद पर आंसू बहा रहा है। यह सड़क कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के माध्यम से गुजरती है और इसके चौड़ीकरण से गुफाओं और वन्यजीवों को नुकसान हो सकता है। यही कारण से सड़क चौड़ीकरण का कार्य अस्थायी रूप से रूका गया है।

### सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं

दरभा के बाद झीरम घाटी से लेकर तोंगपाल, छिंदगढ़ पाकेला तक सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। छिंदगढ़ ब्लॉक तक बीच मे पड़ने वाली तोंगपाल, छिंदगढ़, पाकेला, में भी पूरे रास्ते भर में बड़े-बड़े गड्ढे के बीच एनएच खो चुका है। नेशनल हाईवे की दशा इतनी बुरी हो चुकी है कि सुकमा से जगदलपुर की दूरी तय करने में लगभग 4 से 5 घंटे का समय लग रहा है। इसके अलावा तोंगपाल से सुकमा तक 50 किलोमीटर की सड़क को पार करने में लोगों को 2 से ढाई घंटे का समय लग रहा है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






*विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोगों को जंगलों शहरी इलाके के नजदीक बसाने की सरकारी योजना सफल नहीं हो पाई है। दुर्गम पहाड़ी के ऊपर बसे इन ग्रामीणों के लिए करोड़ों रुपए खर्च करते हुए सरकार ने सुविधाजनक नया ताराझर गांव बसाकर दिया था। इसमें बकायदा सभी परिवारों के लिए पक्का मकान, बेहतर पेयजल पानी की सुविधा, तालाब, बिजली, सीसी रोड, मोबाइल टावर व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसके बावजूद भी ग्रामीणों यह गांव रास नहीं आया, और वे वापस पहाड़ों की ओर लौट गए।*



**कमारों के लिए बसाया गया गांव ताराझर अब उजाड़**

# सरकार ने पानी, बिजली, टॉवर, पक्की सड़क से सजा कर दिया गांव, आदिवासियों को रास नहीं आया और फिर चढ़ गए पहाड़!

हसन खान ⏭ मैनपुर

खास खबर

जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से करीब 18 किलोमीटर दूर घने जंगल के भीतर ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट है। इस पंचायत की कुल आबादी 1476 है, जिसमें 139 कमार परिवारों के लगभग 413 लोग पहाड़ी के ऊपर बसे है और इनका रहनवास 8 दशक पुराना है। बताया जा ⏭ शेष पेज 7 पर



### जन-मन योजना के तहत सुविधा उपलब्ध कराने से एक बार फिर जगी उम्मीद

केन्द्र के नरेन्द्र मोदी एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार द्वारा जन-मन योजना के तहत विशेष पिछड़ी कमार जनजातियों के विकास के लिए अनेक योजना संचालित किए जा रहे हैं। जिससे एक बार ⏭ शेष पेज 7 पर

### सरकार बदलते ही योजना पर नहीं हुआ ठीक से काम

वर्ष 2018 में छत्तीसगढ में छत्तीसगढ में सत्ता परिवर्तन हुआ और कांग्रेस की सरकार बनी, यहां के ग्रामीणों को खेती किसानी दिलाने का जो वायदा किया गया था, उसे कांग्रेस सरकार भूल गई और ग्रामीणों को खेती किसानी व संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए। जिसके कारण यहां ⏭ शेष पेज 7 पर

### पहाड़ी से लौटे ग्रामीणों ने यह बताई पीड़ा..

यहां रहने वाले ग्रामीण जयसिंह, चरणसिंह कमार, जगनाथ कमार, अभिसिंह कमार, हरिसिंह कमार, धनीराम, सीताराम ने चर्चा में बताया कि वे पहाड़ी से उतरकर नया ताराझर में निवास कर रहे थे। जहां भले ही सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा थी, लेकिन उनके जीविकोपार्जन के लिए कोई ठोस योजना नहीं थी, जो खेत मिला था वह पथरीला था, जिसके कारण फसल नहीं होती और बांस बर्तन बनाने के लिए बांस भी नहीं मिल रहे थे। उस समय तत्कालीन अफसरों द्वारा अनेक सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही गई थी, लेकिन कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। ⏭ शेष पेज 7 पर

## वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश

# केंद्र सरकार को दिए सात दिन, अगले आदेश तक नहीं होगी कोई नई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

*सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को सात दिन का समय दिया। न्यायालय ने साथ ही यह भी कहा कि इस बीच केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। कोर्ट के अंतरिम आदेश को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने अपनी-अपनी जीत बताया है।*

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि उन्हें कुछ दस्तावेजों के साथ प्रारंभिक जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाए, जिसके बाद अदालत ने उन्हें वक्त दिया। न्यायालय ने कहा कि मामले में इतनी सारी याचिकाओं पर विचार करना असंभव, केवल पांच पर ही सुनवाई होगी। याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई के दूसरे दिन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि यदि किसी वक्फ संपत्ति का पंजीकरण 1995 के अधिनियम के तहत हुआ है तो उन संपत्तियों को नहीं छेड़ा जा सकता। वहीं, केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को आश्वासन दिया कि वह अगली सुनवाई तक 'वक्फ बाय डीड' और 'वक्फ बाय यूजर' को गैर-अधिसूचित नहीं करेगा।

- केंद्र से 7 दिन में मांगा जवाब, 5 मुख्य आपत्तियों पर होगी सुनवाई

### 5 मई को अगली सुनवाई

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता केंद्र के जवाब पर पांच दिन में प्रत्युत्तर दाखिल कर सकते हैं, जिसके बाद वह मामले को अंतरिम आदेश के लिए सूचीबद्ध करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पांच मई की तारीख तय की।*



### केवल पांच याचिकाओं पर ही होगी

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया कि वह अगली सुनवाई तक 'वक्फ बाय डीड' और 'वक्फ बाय यूजर' को गैर-अधिसूचित नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता के खिलाफ याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को सात दिन का समय दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वक्फ मामले में इतनी सारी याचिकाओं पर विचार करना असंभव, केवल पांच पर ही सुनवाई होगी।

## इधर, सियासत

### ईसाई सद्भाव बैठकें आयोजित करेगी भाजपा

भाजपा केरल और 13 अन्य राज्यों में ईसाई बहुल क्षेत्रों में ईसाई सद्भाव बैठकें आयोजित करने की तैयारी कर रही है कि कैसे यह कानून अन्य समुदायों पर 'सकारात्मक प्रभाव' डालता है। पार्टी ने 20 अप्रैल से 5 मई तक 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' नामक अपने जागरूकता अभियान की शुरुआत करने की घोषणा पहले ही कर दी है और ईसाई आउटरीच कार्यक्रम इसी पहल का हिस्सा हैं। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, झारखंड, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना सहित प्रमुख राज्यों के प्रत्येक जिले में कम से कम एक बैठक आयोजित की जाएगी।

### कांग्रेस बोली- संविधान के मूल पर हमला

कांग्रेस प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, सरकार जिसे सुधार बता रही है, दरअसल वह अधिकारों पर प्रहार है। वक्फ अधिनियम प्रशासनिक कदम नहीं है, यह एक मूल वैचारिक हमला है। उन्होंने दावा किया, कानून सुधार की भाषा में यह अधिनियम पूरी तरह से 100 प्रतिशत नियंत्रण की नीति लाने का प्रयास करता है। यह न सिर्फ धार्मिक संस्थाओं पर चोट करता है बल्कि अल्पसंख्यकों के आत्मनिर्णय, स्वायत्तता की भावना को कुचलता है। यह सत्ता की दखलंदाजी को सुशासन कहकर पेश करता है। सिंघवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुप नहीं रहेगी और सड़क से लेकर संसद तक इस अधिनियम का विरोध करेगी।

## हरिभूमि की खबर पर मुहर, एमएलए लैड्स पोर्टल लांच

# विधायक निधि से खर्च पर पाई-पाई का होगा हिसाब


एमपीलैड्स की तर्ज पर राज्य के विधायकों के लिए भी तैयार हो रहा ऑनलाइन पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों की तरह विधायकों को जारी होने वाली विधायक निधी के उपयोग की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभारी बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने एमएलए लैड्स ऑनलाइन पोर्टल लांच किया है। पोर्टल के लांच होने के साथ हरिभूमि की खबर पर भी ⏭ शेष पेज 7 पर

### डिजिटल इंडिया अभियान के तहत महत्वपूर्ण कदम

एमएलए लैड्स पोर्टल डिजिटल इंडिया अभियान के तहत महत्वपूर्ण कदम है। इस पोर्टल से विधायक निधि का उपयोग अधिक प्रभावी तरीके से होगा।

\- नारायण बुलीवाल, अपर संचालक, योजना एवं सांख्यिकी विभाग

### एमपीलैड्स की तर्ज पर बनाया गया एमएलएलैड्स पोर्टल

एमपीलैड्स ऑनलाइन पोर्टल की तर्ज पर एमएलए लैड्स पोर्टल बनाया गया है। अभी तक एमपीलैड्स पोर्टल में सांसदों के लिए जारी गाइड लाइन, सांसद निधी, व्यय का ब्योरा, अनुशंसित, स्वीकृत एवं पूरे हुए कार्यों का संक्षिप्त ब्योरा सहित अन्य कई तरह की जानकारियां पोर्टल में उपलब्ध हैं। ⏭ शेष पेज 7 पर

### खर्च का दिया जाएगा ब्योरा

पोर्टल के शुरू से हो विधायक निधि की राशि से जिस कार्य में भी जितनी भी राशि खर्च की जाएगी, उसकी पाई-पाई का हिसाब होगा। सूत्र के अनुसार विधायक निधि की अनुशंसा के बाद स्वीकृत होने वाले कार्य के निर्माण के लिए एजेंसी को चार हिस्सों में राशि जारी की जाएगी। इस तरह पहली 25 प्रतिशत राशि देने के बाद दूसरी किस्त 50 ⏭ शेष पेज 7 पर

### पायलेट प्रोजेक्ट में जिले के सातों विधानसभा शामिल

पायलेट प्रोजेक्ट में रायपुर जिले के सातों विधानसभाओं को लिया गया है। इसमें रायपुर उत्तर, रायपुर पश्चिम, रायपुर दक्षिण, रायपुर ग्रामीण, धरसींवा, अभनपुर एवं आरंग शामिल है।

**गुजरात में भीषण हादसा**

## बस और ऑटोरिक्शा की टक्कर में छह की गई जान

**पाटन।** गुजरात के पाटन जिले में बृहस्पतिवार को एक ऑटोरिक्शा और राज्य परिवहन निगम की बस के बीच टक्कर में ऑटोरिक्शा सवार छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना अपराह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे सामी-राधनपुर राजमार्ग पर सामी गांव के पास हुई। पाटन जिले के पुलिस अधीक्षक वी के नई ने बताया कि राज्य परिवहन की बस हिम्मतनगर से कच्छ की ओर जा रही थी जबकि तिपहिया वाहन विपरीत दिशा से आ रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया, ऑटोरिक्शा सवार सभी छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिसमें चालक भी शामिल है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के क्षतिग्रस्त हिस्से बस के नीचे फंस गए।



*अक्षय तृतीया से पहले उच्च स्तर पर सोना*

## सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड कीमत 98 हजार रुपए पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक मांग के बीच गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 70 रुपए बढ़कर 98,170 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,650रुपए बढ़कर 98,100रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी।



**इसलिए बढ़ रहे दाम**

- अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है।
- डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है।
- शादियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में सोने के गहनों की मांग बढ़ रही है।

*कश्मीर को 'गले की नस' बताने वाले पाक को भारत की दो टूक...*

## किसी के गले की नस में कैसे फंस सकती है 'कोई विदेशी चीज'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर के कश्मीर को लेकर दिए गए बयान को भारत ने गुरुवार को सख्त अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि कोई विदेशी चीज यानी कश्मीर कैसे किसी के गले की नस में फंस सकती है? कश्मीर भारत का केंद्रशासित प्रदेश ⏭ शेष पेज 7 पर



**पाकिस्तानी जनरल का बयान**

पाकिस्तान के सेनाप्रमुख ने एक कार्यक्रम में प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा था कि आप लोगों को अपने बच्चों को पाकिस्तान की कहानी जरूर सुनानी चाहिए। जिसमें उन्हें बताना है कि हिंदू और मुसलमान जीवन के हर पहलू के नजरिए से अलग-अलग हैं। भारत और पाकिस्तान का निर्माण केवल धर्म ही नहीं ⏭ शेष पेज 7 पर

**बुरे फंसे तमिलनाडु के वन मंत्री**

## मंत्री के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

एजेंसी ⏭ चेन्नई

तमिलनाडु के वन मंत्री के. पोनमुडी की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही है। विवादास्पद टिप्पणी मामले में मद्रास हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस को उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एन. आनंद वेंकटेश ने कहा कि यदि पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती है, तो कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना की कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि अब न्यायालय ने खुद मामले को संज्ञान में लिया है।



### वायरल वीडियो में आपत्तिजनक टिप्पणी

वायरल हो रहे वीडियो में पोनमुडी को यह कहते हुए सुना गया है कि महिलाएं, कृपया गलतफहमी न पालें। वह कहते हैं, एक व्यक्ति सेक्स वर्कर के पासा जाता है। फिर वह उस व्यक्ति से पूछती है कि वह शैव है या वैष्णव। जब आदमी को समझ में नहीं आता, तो सेक्स वर्कर पूछती है कि क्या वह पट्टई (क्षैतिज तिलक, जो शैव धर्म से जुड़ा है) या नामम (लंबवत तिलक, जो वैष्णव धर्म से जुड़ा है) लगाता है।

### *बढ़ते विरोध के बीच स्टालिन ने भी उठाया कदम*

*पोनमुडी की टिप्पणी से उनकी अपनी पार्टी डीएमके भी असहज हो गई। पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने उन्हें डीएमके उप महासचिव के पद से हटा दिया। पार्टी सांसद कनिमोझी ने भी उनके बयान की आलोचना की थी। हालांकि की बाद में पोनमुडी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांग ली थी, लेकिन विवाद थम नहीं सका।*




# इंसानों की जगह स्पर्म लगाएंगे दौड़, अजीबोगरीब रेस होने जा रही, क्रिकेट मैच की तरह जुटेंगे हजारों दर्शक!



न्यूयार्क। आपने टीवी पर सैकड़ों रेस देखी होंगी, क्रिकेट या फुटबॉल मैच को देखने स्टेडियम गए होंगे, पर जो चीज इंसानों को बनाती है, क्या आपने उनकी रेस देखी है? सुनकर अजीब लगेगा, पर ऐसी रेस हकीकत बनने जा रही है। एक अजीबोगरीब रेस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें इंसान नहीं स्पर्म दौड़ लगाएंगे। हैरानी की बात ये है कि इस रेस में क्रिकेट मैच की तरह हजारों दर्शक जुटेंगे।

## पुरुषों की सेहत के प्रति जागरुकता



एडवांस इमेजिंग से पता चलेगा कि कौन से स्पर्म ने पहले फिनिश लाइन को पार किया। इस रेस को देखने के लिए 1000 दर्शक तक आएंगे। इसे बड़े स्पोर्टिंग ईवेंट की तरह आयोजित किया जा रहा है। इसकी प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, लाइव कमेंट्री का आयोजन किया जाएगा और सट्टा लगाने के भी मौके लोगों को मिलेंगे। कंपनी ने इस रेस के लिए अबतक 8 करोड़ रुपए जुटा लिए हैं। इंसानी स्पर्म की चलने की स्पीड 5 मिलीमीटर प्रति मिनट के करीब होती है, ऐसे में ये रेस कितनी लंबी चलेगी, कोई नहीं जानता. ये कुछ मिनटों से लेकर घंटों तक भी चल सकती है।



### इस वजह से आयोजित की गई रेस

अब सवाल ये उठता है कि ऐसी रेस के आयोजन का कारण क्या है। इस रेस के जरिए पुरुषों की सेहत के प्रति जागरुकता फैलाई जा रही है। मेल फर्टिलिटी के बारे में लोग बात नहीं करते, पर इस रेस के जरिए ये बताया जाएगा कि स्पर्म की स्पीड और पुरुषों की सेहत कैसे एक -दूसरे से जुड़े हैं। इस आइडिया के पीछे 4 लोग हैं, जिनके नाम एरिक जू, निक स्मॉल, शेन फैन, और गैरेट निकोनिएनको है। कंपनी का कहना है कि अगर लोग किसी स्पोर्ट के लिए खुद को ट्रेन कर सकते हैं तो फिर अपनी सेहत के लिए ट्रेनिंग क्यों नहीं कर सकते!

## रोचक खबरें



### यहां चाव से खाए जाते हैं पसीने वाले लड्डू, कांख में दबा-दबाकर होते हैं तैयार

**टोक्यो**। आपने आजतक कई तरह की डिसेज ट्राई की होगी। हर जगह की कुछ खास डिश होती है, जिसे खाना लोग पसंद करते हैं। इन डिशेज के दीवाने लोग इसे चखने के लिए कई-कई किलोमीटर का सफर तय कर लेते हैं। पूरी दुनिया के कई देश अपने कंट्री के कुछ स्पेसिफिक कुजीन के कारण मशहूर है। जहां चीन में कुत्ते और बिल्ली का मांस चाव से खाया जाता है तो वहीं जापान में खाए जाते हैं पसीने वाले लड्डू। नाम सुनकर शायद आप भी हैरान रह गए होंगे। आपको लग रहा होगा कि भला ये कैसा लड्डू है? लेकिन, जैसा कि इसका नाम आपको बताया, ये असल में पसीने से ही बनाए जाते हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं जापान के स्पेशल राइस बॉल की। ये राइस बॉल खूबसूरत लड़कियों के कांख से दबाकर तैयार किया जाता है। इसके चावल पहले पका लिए जाते हैं। इसके बाद इन्हें ठंडा कर खूबसूरत लड़कियों के कांख के नीचे रखा जाता है, जहां दबा-दबा कर इसे शेप दिया जाता है। आपको भले ही ये सुनने में अटपटा लग रहा होगा, लेकिन जापान में इसे चाव से खाया जाता है। इस राइस बॉल को बनाने के लिए कई रेस्त्रां में लड़कियां रखी जाती है। उनके कांख के नीचे दबाकर इन्हें तैयार किया जाता है। बात अगर स्वाद की करें, तो इसे खाने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है। मर्दों में इस राइस बॉल को खाने का क्रेज देखने को मिलता है। लेकिन, इसे बनाने का तरीका और नियम काफी सख्त है। अगर इसके नियम नहीं माने गए तो राइस बॉल को अपना यूनिक टेस्ट नहीं मिल पाता।

### प्रेमी बाइक लेकर पहुंचा गर्लफ्रेंड की ससुराल, फिर सास को कमरे में किया बंद, फरार हो गए दोनों

**हरिद्वार** । उत्तराखंड के हरिद्वार में एक नवविवाहिता ने शादी के महज़ 15 दिन बाद अपनी सास को कमरे में बंद कर दिया और अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। घटना में मोड़ तब ले लिया जब नवविवाहिता खुद प्रेमी संग पुलिस चौकी पहुंच गई। यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। बीते 31 मार्च को हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र की एक युवती की शादी पथरी क्षेत्र के एक युवक से कर दी गई थी। पर कहानी यहीं खत्म नहीं होती। युवती का अपने गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक-दूजे से शादी करना चाहते थे, मगर परिवार की मर्जी ने उनकी मोहब्बत को बीच रास्ते में ही रोक दिया। घटना मंगलवार दोपहर की है जब नवविवाहिता घर पर अपनी सास के साथ अकेली थी। इसी दौरान उसका प्रेमी अपने एक साथी के साथ बाइक पर गांव पहुंचा। नवविवाहिता ने सास को कमरे में बंद किया और प्रेमी के साथ भाग निकली। कुछ समय बाद सास ने पड़ोसियों की मदद से खुद को छुड़वाया और तुरंत बेटे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। घटना ने तब और मोड़ लिया जब देर शाम नवविवाहिता खुद प्रेमी संग फेरुपुर पुलिस चौकी पहुंच गई। उसने पुलिस के सामने अपने मायके वालों पर जबरन शादी करवाने का आरोप लगाया और प्रेमी संग ही रहने की जिद पर अड़ी रही। फेरुपुर चौकी प्रभारी के अनुसार, नवविवाहिता अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। पुलिस और स्वजन दोनों उसे समझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन युवती अपने फैसले पर अडिग है।



### खेत में काम कर रही बुजुर्ग महिला अचानक हुई गायब बेटे ने ढूंढा तो अजगर ने मुंह में दबा रखा था सिर

**जकार्ता**। इंडोनेशिया से एक चौंकाने वाली घटना सामने आ रही है। इस घटना की कहानी एक महिला पर आधारित है, जो खेतों में काम कर रही होती है और काम करते वक्त ही उसके साथ एक भयावह घटना हो जाती है, जिससे उनकी मौत भी हो जाती है। दरअसल, खेतों में काम कर रही इस महिला का शव 23 फुट लंबे अजगर के मुंह में दबा हुआ मिला। खबरों की मानें तो यह महिला खेतों में काम कर रही थी और अचानक ही गायब हो गई, जब परिवार वालों ने ढूंढने की कोशिश की तो उनका शव एक अजगर ने निगला हुआ था। एक रिपोर्ट की मानें तो बुजुर्ग महिला के बेटे ने इस घटना के बारे में बताते हुए कहा कि मैं हमेशा से ही उनके खेत में काम करने को लेकर चिंतित रहता था। वहां मैंने कई बार बड़े-बड़े सांप देखे हैं, लेकिन वह जब छोटी थीं, तब से ही खेत में काम करती थीं। इसलिए, वह इन सांपों से बिल्कुल भी नहीं डरती थीं। वह काम करते हुए अपने पास एक टोकरी रखती थीं, लेकिन आज मुझे वो टोकरी अपने यार्ड में दिखी, जिसके बाद मुझे आभास हुआ कि यहां कुछ तो गड़बड़ हुई है। बेटे ने आगे बताया कि जब वह अपनी मां को ढूंढ़ने के लिए खेत में गए तो देखा कि एक 23 फुट लंबे अजगर ने उनका आधा शरीर निगल लिया है। बेटे ने अफरा-तफरी में आसपास के कुछ लोगों को बुलाया और अपनी मां को रेस्क्यू कर के बाहर निकाला तो उनकी मौत हो चुकी थी। बता दें कि इंडोनेशिया में पहले भी कई ऐसे मामले आ चुके हैं।



# वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में खोजा ऐसा ग्रह जिस पर है जीवन, मिल सकते हैं एलियंस

लंदन। एलियंस के बारे में अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों को बड़ी सफलता मिली है। ब्रिटेन के वैज्ञानिकों को सुदूर अंतरिक्ष में मौजूद एक ग्रह पर एलियंस के होने के संकेत मिले हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के शीर्ष खगोलविदों का कहना है कि उन्होंने के2-18बी नामक इस सुदूर ग्रह पर जीवन से जुड़ी गतिविधि का अब तक का सबसे अच्छा संकेत देखा है। वैज्ञानिक इस बारे में 99.7% आश्वस्त हैं। ब्रिटिश मीडिया आउटलेट द सन ने वैज्ञानिकों के हवाले से बताया है कि के2-18बी नामक एलियंस ग्रह 120 प्रकाश वर्ष दूर है और हमारी पृथ्वी के आकार का लगभग ढाई गुना बड़ा है।

### धरती की तरह मिला संकेत

खगोलविदों ने ग्रह के वायुमंडल में डीएमएस नाम अणु की पहचान की है।



पृथ्वी पर इस अणु का निर्माण हमारे समुद्र में रहने वाले छोटे शैवाल करते हैं। इन्हें मानव आंखों से नहीं देखा जा सकता है, लेकिन बड़ी संख्या में पानी पर रंगीन पैच के रूप में दिखाई देते हैं। इसी तरह का एलियन जीवन इसे के2-18बी पर पैदा कर सकता है। प्रमुख वैज्ञानिक प्रोफेसर निक्कू मधुसूदन ने कहा, 'साहित्य में ऐसा कोई तंत्र नहीं जो ये समझा सकते कि हम जो देख रहे हैं वह बिना जीवन के (संभव) है।'

### दूसरे ग्रहों पर जीवन तलाशना है मुमकिन

मालूम हो कि इस खोज में अहम भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक निक्कू मधुसूदन ने कहा है कि यह खोज सभी के लिए बहुत खास है, क्योंकि इससे साबित होता है कि आज की तकनीक से हम दूसरे ग्रहों पर जीवन की संभावना और निशान ढूंढ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम अब उस दौर में आ गए हैं, जब दूर के ग्रहों पर जीवन तलाशना मुमकिन हो गया है।



### जेम्स वेब टेलिस्कोप के डेटा का अध्ययन

खगोलविदों ने अध्ययन के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से मिले डेटा का इस्तेमाल किया। इस विशाल टेलिस्कोप को 2021 में लॉन्च किया गया था। अध्ययन के दौरान वैज्ञानिकों को ग्रह के वायुमंडल में दो अणुओं के फिंगरप्रिंट दिखाई दिए हैं- डाइमेथिल सल्फाइड और डाइमेथिल डाइसल्फाइड। ये दोनों अणु केवल पृथ्वी पर जीवन के माध्यम से निर्मित होते हैं, जो आमतौर पर सूक्ष्मजीव हैं।

### के2-18बी है ग्रह का नाम

वैज्ञानिकों ने इस ग्रह का नाम के2-18बी बताया है। यह ग्रह धरती से कई गुना बड़ा है और यह अपने तारे के उस हिस्से में चक्कर काट रहा है, जहां तापमान इतना सही होता है कि वहां पानी तरल रूप में रह सकता है। पानी का तरल रूप में होना जीवन के लिए बहुत जरूरी होता है। इसलिए वैज्ञानिक इसे एक रहने लायक जगह बताया है, जहां पर जीवन संभव हो सकती है।



### ग्रह पर महासागर की संभावना

अध्ययन में शामिल वैज्ञानिकों का मानना है कि नतीजे इतने पुख्ता हैं कि इसकी सिर्फ 0.3% प्रतिशत संभावना है कि यह संयोग से घटित हुआ हो। संभावना है कि यह एक पानी से भरा महासागर और एक घने हाइड्रोजन युक्त वायुमंडल वाला ग्रह है। प्रोफेसर मधुसूदन ने बताया कि 'अगर यह हाइसीन दुनिया है तो यह ग्रह महासागरों से ढंका होगा।' हाइसीन शब्द हाइड्रोजन और ओसन को एक साथ मिलाने से बना है। प्रोफेसर मधुसूदन ने आगे कहा, 'हम अभी नहीं जानते कि उन महासागरों का तापमान क्या होगा, लेकिन उम्मीद है कि यह पृथ्वी से थोड़ा गर्म होगा।' निक्कू मधुसूदन का कहना है कि अगर ऐसे ग्रह सच में हैं, तो वहां सूक्ष्म जीवों की संभावना हो सकती है। जैसे हमारी धरती के समुद्रों में होते हैं। उनके मुताबिक यह कहना अभी संभव नहीं है कि वहां इंसानों जैसे विकसित या बुद्धिमान जीव मौजूद हैं या नहीं।

# ऐसे गांव में रहती है लड़की, जहां दूर-दूर तक नहीं है कुछ भी, हवाई जहाज से लाती है राशन

न्यूयार्क। आजकल हमारी जिंदगी इतनी आसान हो गई है कि कुछ भी चाहिए, हम फट से डिलीवरी ऐप्स के जरिये मंगा लेते हैं। हमें इसके लिए ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ता है, लेकिन आज भी धरती पर ऐसी जगह है, जहां लोगों को राशन के लिए भी संघर्ष करना होता है। दिलचस्प ये है कि फिर भी यहां पर रहने वाले लोगों को कोई शिकायत नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक लड़की ऐसी जगह पर रहती है, जहां पर दूर-दूर तक न कोई बाज़ार है और न ही कोई खाने-पीने की जगह। ऐसे में यहां रहने वाले लोग राशन लाने के लिए भी एयरक्राफ्ट से जाते हैं और इसे सोच-समझकर खर्च करते हैं। वे बहुत ही सीमित संसाधनों में अपनी लाइफ जीते हैं, लेकिन फिर भी खुश हैं।



### बाज़ार और दुकानें भी नहीं

सेलिना ऑल्सवर्थ नाम की 27 साल की लड़की ऐसी जगह पर रहती है, जहां दूर-दूर तक कुछ भी नहीं है। अपने 25 साल के पति जैरेड रिचर्डसन के साथ सेलिना अमेरिका में अलास्का के पोर्ट ऑल्सवर्थ नाम के गांव में रहती है। ये गांव भी सेलिना के पूर्वजों का है, जो 1940 में यहां आकर बस गए थे। ये जगह इतनी दूर है कि नज़दीकी राशन की दुकान भी 200 मील की दूरी पर है, जहां एयरक्राफ्ट से जाना पड़ता है। सेलिना के पति जैरेड रिचर्डसन पहले मिशिगन में रहते थे। साल 2022 में वो सेलिना के साथ यहीं आकर शिफ्ट हो गए और अब उन्हें यहां की ज़िंदगी की आदत पड़ गई है।



### दो महीने में एक बार राशन की शॉपिंग

यही वजह है कि दो महीने में एक बार जाकर ही राशन खरीदा जा सकता है। इस गांव में फिर भी 180 लोग रहते हैं, जिनके लिए न तो कोई दुकान, रेस्तरां, बार या थियेटर है। सेलिना अपने पति के साथ मिलकर एक गिफ्ट शॉप और फैमिली रिसॉर्ट चलाते हैं। टूरिज़्म के ज़रिये ही उनकी कमाई होती है। इस जगह पर एक छोटा क्लिनिक भी है, ताकि प्रेग्नेंसी और कुछ एमरजेंसी सिचुएशन में लोगों की मदद की जा सकी। दरअसल, सेलिना के पूर्वज यहां रहकर साबित करना चाहते थे कि वे एक ऐसी जगह पर ज़िंदगी जी सकते हैं, जहां मिनिमम सुविधाएं हों। उन्हें बाद में सरकार ने ये ज़मीन रहने के लिए दे भी दी। अब सेलिना अपने पूर्वजों की धरोहर को संभाल रही हैं।

### कूड़े में मिली पिता की 62 साल पुरानी पासबुक रातों-रात करोड़पति बन गया बेटा!



**सैंटियागो**। कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं, जो परियों की कहानी जैसी होती हैं। चिली में रहने वाले एक शख्स के साथ बिल्कुल ऐसा ही हुआ। और वो एक पुराने कागज के टुकड़े की बदौलत रातोंरात करोड़पति बन गया। उसे उम्मीद भी नहीं रही होगी कि उसे इस तरह से अपने पिता का आशीर्वाद उनकी मौत के 10 साल बाद मिलेगा। चिली में रहने वाले एक्सेक्विएल हिनोजोसा नाम के एक व्यक्ति को अपने दिवंगत पिता की पुरानी बैंक पासबुक कूड़ेदान में मिली। इसने उनकी किस्मत बदल दी और उन्हें एक छोटे से नोट से बैठे-बैठे करोड़ों रुपए मिल गए। एक्सोकिल के करोड़पति बनने की कहानी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। हिनोजोसा के पिता ने 1960-70 के दशक में बैंक में करीब 1.40 लाख रुपए जमा किये थे। उस समय उनका इरादा उस पैसे से एक घर खरीदने का था। लगभग दस साल पहले उनका निधन हो गया था और परिवार के किसी भी सदस्य को इस बैंक में रखे उनके पैसों के बारे में कुछ भी पता नहीं था। 62 साल पुरानी ये पासबुक हिनोजोसा को घर में कचरा साफ करते समय यह मिल गई। जिस बैंक की ये पासबुक थी, वो पूरी तरह से बंद हो चुका है। फिर अचानक उसकी नज़र पासबुक पर लिखी 'राज्य गारंटी' पर पड़ी। इसका मतलब है कि यदि बैंक विफल हो जाता है तो सरकार पैसा वापस कर देगी। हिनोजोसा ने सरकार से पैसे की मांग की तो सरकार ने पहले तो इनकार कर दिया, लेकिन हिनोजोसा ने इसके लिए कानूनी लड़ाई शुरू की। आखिरकार अदालत ने सरकार को आदेश दिया कि वह हिनोजोसा को ब्याज सहित धनराशि लौटाए।

# धरती पर नहीं बचेगा कोई भी जीव, हो जाएगा सब तबाह नासा के वैज्ञानिकों ने कर दिया तारीख का ऐलान!

**टोक्यो**। लंबे वक्त से इंसान धीरे-धीरे इस धरती को अंत की ओर ढकेलने पर उतारू है। ग्लोबल वॉर्मिंग, जलवायु परिवर्तन और कई अन्य तरह की प्राकृतिक आपदाएं इस बात का सबूत हैं। एक वक्त ऐसा आएगा जब धरती सब झेलते-झेलते अंत तक पहुंच जाएगी। भले वो दिन बहुत दूर है, मगर एक न एक दिन ऐसा जरूर होगा। ये हम नहीं कह रहे, बल्कि वैज्ञानिकों का दावा है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने बता दिया है कि कितने साल बाद इस धरती का अंत होगा।

एक वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार नासा के वैज्ञानिकों ने हाल ही में जापान की यूनिवर्सिटी ऑफ टोहो के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर एक शोध किया और पता लगाया कि धरती को खत्म होने में कितने दिन बाकी हैं। टीम ने सुपरकंप्यूटरों और कई प्रकार के मैथमैटिकल मॉडल का प्रयोग कर के इसके बारे में पता लगाया है। उनकी गणना के हिसाब से धरती पर जीवन 1 अरब साल के बाद नहीं कायम रहेगा। इसका कारण ये है कि धरती पर इतने एक्सट्रीम कंडीशन्स बनते जा रहे हैं, जिसके कारण लाइफ का अस्तित्व में रहना मुमकिन नहीं होगा।



### बच सकती है तबाही

वैज्ञानिकों ने कहा कि इंसानों की वजह से जलवायु परिवर्तन में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। इसके चलते हमारे ग्रह पर बड़ा और बुरा परिवर्तन देखने को मिलेगा। हालांकि, एक्सपट्र्स की ये भी राय है कि अगर तकनीक में सुधार की वजह से इन बदलावों पर काबू भी पाया जा सकता है। लोगों के लिए नई जिंदगी की रचना, आर्टिफिशियल वातावरण बनाने से भी इंसानों को बचाया जा सकता है। वैज्ञानिक मार्स पर जीवन की भी खोज करने में लगे हैं।

### इस दिन खत्म होगी धरती

रिसर्चर्स का मानना है कि सूर्य की वजह से ही धरती पर जीवन का अंत होगा। थर्मल ऊर्जा इतनी ज्यादा हो जाएगी कि आसपास के ग्रह, यहां तक हमारी पृथ्वी भी उसकी चपेट में आ जाएगी। गणना के हिसाब से धरती पर जीवन 999,999,996 साल तक बेहद कठिन हो जाएगा और साल 1,000,002,021 तक इस धरती से जीवन का नामोनिशान तक खत्म हो जाएगा। जैसे-जैसे सूर्य का दायरा बढ़ेगा, धरती पर तापमान भी बढ़ने लगेगा। इसकी वजह से हवा की गुणवत्ता खराब होने लगेगी। सोलर स्टॉर्म की वजह से एटमॉस्फियरिक बदलाव भी हो रहे हैं जिससे ऑक्सीजन का स्तर भी कम हो रहा है।

*हर साल भूकंप की वजह से ना जाने कितने लोगों के घर उजड़ जाते हैं और कई बार तेज भूकंप की वजह से लोगों की जान तक चली जाती है। ये प्राकृतिक आपदा हर साल कई लोगों की जान ले लेती है। इस तरह की घटना से बचाने के लिए जापानी की एक कंपनी ने खास सिस्टम तैयार किया है, जो भूकंप आने पर आपके घर को जमीन से ऊपर उठा देगा और सुरक्षित रखने का काम करेगा।*

## जापान ने तैयार की ये खास तकनीक

# भूकंप आने पर जमीन से ऊपर उठ जाएंगे घर, नहीं होगा कोई नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जापानी कंपनी एयर दनशिन ने एक खास टेक्नोलॉजी डेवलप की, जिसकी मदद से भूकंप आने पर आपका घर जमीन से कुछ सेंटीमीटर ऊपर उठ जाता है। ऐसे में भूकंप के कंपन का घर या इमारत से ऊपर कोई असर नहीं पड़ता है। ऐसे में वह सुरक्षित रहता है और उसके गिरने का खतरा दूर हो जाता है।

### ऐसे काम करती है ये खास टेक्नोलॉजी

*दरअसल, आम दिनों में ये टेक्नोलॉजी घर को जमीन पर रखती है, लेकिन जैसे ही भूकंप की वजह से जमीन हिलना शुरू करती है, उसके तुरंत बाद ही सिस्टम एयरबैग के अंदर बहुत तेज गती से हवा कंप्रेस करना शुरू करता है, जिसके बाद घर तुरंत एयरबैग फूल जाते हैं। वह घर जमीन से कुछ सेंटीमीटर ऊपर उठा जाता है।*



### 3 सेंटीमीटर तक ऊपर उठ जाती है इमारत

एयर दनशिन सिस्टम आईएनसी द्वारा शेयर जानकारी में बताया है कि सेंसर तुरंत भूकंप को डिटेक्ट करते हैं, उसके बाद 1-5 सकेंड के अंदर कंप्रेसर टैंक आर्टिफिशियल फाउंडेशन के अंदर एयर भरने लगते हैं। इसके बाद इमारत जमीन से करीब 3 सेंटीमीटर की ऊंचाई पर पहुंच जाते हैं। इसके बाद भूकंप के कंपन का प्रभाव इमारत पर नहीं पड़ता है। इसके बाद जैसे ही भूकंप का कंपन रुकता है तो इमारत दोबारा जमीन पर वापस लौट आती है।

### पहले ही सफलतापूर्वक टेस्ट पास कर चुकी है

बताते चलें कि यह तकनीक पहले ही अपनी उपयोगिता को साबित कर चुकी है। साल 2021 में कुछ घरों के अंदर इस सिस्टम को लगाया गया था और उन घरों ने रिक्टर स्केल पर 7.3 की तीव्रता वाले भूकंप का सामना किया और उन घरों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

### तकनीक और कई देशों से निकला आगे

जापान लगातार प्राकृतिक आपदा से लोगों को बचाने में काम कर रहा है और कई देशों से आगे भी निकल चुका है। जापान के पास कुछ एडवांस्ड सिस्टम है, जो भूकंप और ज्वालामुखी की एक्टिविटी को मॉनिटर करने का काम करते हैं।

---

## सीबीआई की रेड से सियासत गरमाई

# आप नेता पाठक के घर सीबीआई का छापा

### भाजपा पर लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली में आम आदमी पार्टी नेता और पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के घर केंद्रीय एजेंसी सीबआई ने छापा मारा है। यह रेड गुरुवार को सुबह-सुबह मारी गई। सीबीआई ने यह एक्शन फॉरेन कॉन्ट्रीब्यूशन रेगुलेटरी एक्ट के एक मामले में लिया गया है। इसको लेकर आप नेता बीजेपी पर हमलावर हैं। नेताओं ने आरोप लगाया है कि दुर्गेश पाठक को गुजरात चुनाव की जिम्मेदारी मिलने के ठीक बाद यह कार्रवाई की गई है। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि हम भाजपा की धमकियों से नहीं डरेंगे।

**'हाल ही में बनाया गया गुजरात का प्रभारी'** : आप नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के गुजरात सहप्रभारी दुर्गेश पाठक जी के यहां सीबीआई की रेड चल रही है। अभी कुछ दिन पहले ही उन्हें गुजरात का प्रभारी बनाया गया है और तुरंत बीजेपी सरकार की ये बौखलाहट बता रही है कि बीजेपी डर रही है।



### आतिशी ने बीजेपी को घेरा

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जैसे ही गुजरात चुनाव की तैयारी शुरू की, गुजरात के सह-प्रभारी दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई रेड करने पहुंच गई! गुजरात में "आप" ही भाजपा को चुनौती दे सकती है और यह रेड इनकी बौखलाहट दिखा रही है! इतने सालों में भाजपा को समझ नहीं आया कि हम उनकी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं।

**संजय सिंह का बीजेपी पर आरोप** : संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का गंदा खेल फिर शुरू, गुजरात के सहप्रभारी दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई पहुंची है। मोदी सरकार ने आप को खत्म करने का हर हथकंडा अपनाकर देख लिया। गुजरात में भाजपा की हालत पतली है जैसे ही दुर्गेश पाठक को गुजरात का सहप्रभारी बनाया गया उनको धमकाने के लिए सीबीआई भेज दी।

---

### अमित शाह ने फिर से दोहराया संकल्प, मार्च 2026 तक का दिया अल्टीमेटम

# नक्सलवाद को खत्म करने में जवान निभा रहे अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीमच

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के खात्मे का संकल्प दोहराया है, क्योंकि देश में नक्सलवाद लगातार सिकुड़ रहा है। मध्य प्रदेश के नीमच जिले में सीआरपीएफ दिवस के समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद से मुक्त करने में सीआरपीएफ ने बहुत बड़ा योगदान दिया है। इनका प्रयास ही नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देगा। शाह ने कहा जब भी कोबरा बटालियन के जवानों के नक्सलियों की तरफ बढ़ने के समाचार मिलते हैं, तो नक्सलवादियों की रूह कांप जाती है। देश से 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा, यह प्रण है जो आपके ही बल पर इस देश ने तय किया है। उन्होंने देश की सुरक्षा में बलिदान देने वाले 2,264 जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके परिवारों के त्याग तथा बलिदान का स्मरण किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे।

### खास बातें

- सीआरपीएफ ने नक्सलवाद और आतंकी हमलों के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई
- पिछले 10 वर्षों में नक्सली हिंसा में 70% से अधिक की कमी आई



### पूरी दुनिया का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल

उन्होंने कहा कि वर्तमान में 248 बटालियन सहित 4 जोनल मुख्यालय, 21 सेक्टर मुख्यालय, 17 रेंज और 39 प्रशासनिक रेंज में लगभग तीन लाख जवान तैनात हैं, जो हर जगह देश की शांति और सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। सीआरपीएफ को इस देश का ही नहीं, पूरी दुनिया का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल होने का गौरव हासिल है। सीआरपीएफ के जवानों ने हर मोर्चे पर कामयाबी हासिल की है।

### राम जन्मभूमि पर हमले का किया जिक्र

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने सीआरपीएफ की देश की सुरक्षा में दिए जा रहे योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि 2001 में हमारी लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायत संसद भवन पर हमला हुआ, इसको नाकाम सीआरपीएफ के जवानों ने किया। 2005 में राम जन्मभूमि पर आतंकी हमला हुआ, उसको भी सीआरपीएफ के जवानों ने नाकाम किया और मंदिर को सुरक्षित रखा। सबसे बड़ी कामयाबी सीआरपीएफ के इतिहास में लिखी जाएगी।

### नक्सली हिंसा में 70 प्रतिशत की कमी

बीते 10 साल में नक्सली हिंसा में 70 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है और वह अब समाप्ति की ओर है। सीआरपीएफ ने अमरनाथ की यात्रा हो, श्री राम जानकी सुरक्षा हो, श्री कृष्ण भूमि सुरक्षा हो या कुंभ या महाकुंभ का अवसर हो, हर जगह मुस्तैदी के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सामाजिक कामों में भी सीआरपीएफ ने बड़ी भूमिका निभाई।

### कश्मीर में शांति बनाए रखने का जिक्र किया

उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद शांति बहाली का जिक्र किया और कहा कि सीआरपीएफ के बगैर यह संभव नहीं था कि धारा 370 हटाने के बाद कश्मीर में शांति बनाए रखी जाती या हर चुनाव को बहुत अच्छे तरीके से किया जाता। मगर इस बात का गर्व है कि सीआरपीएफ और बाकी सुरक्षा बलों के जवानों ने इतनी सुरक्षा सुनिश्चित की थी कि एक भी बूथ को लूटने नहीं दिया। एक भी जगह गोली नहीं चलानी पड़ी।

---

## ममता सरकार ने हाईकोर्ट में किया दावा

# हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद की स्थिति नियंत्रण में



एजेंसी ▶▶| कोलकाता

वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से स्थिति की जानकारी मांगी थी। जिसके बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को कोर्ट में दावा किया कि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में है। राज्य सरकार ने अदालत के समक्ष यह भी कहा कि जिले में हिंसा को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा पर्याप्त कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि मुर्शिदाबाद के उपद्रवग्रस्त सुती, शमसेरगंज-धुलियान इलाकों में फिलहाल केंद्रीय बलों की लगभग 17 कंपनियां तैनात हैं जिन्हें अधिक समय तक तैनात रहने दिया जाए।

### ममता बनर्जी आज जाएंगी मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कल हिंसा-प्रभावित मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी। इसकी जानकारी देते हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम ममता ने कहा कि, राज्य सरकार हिंसा पीड़ितों का घर बनवाएगी। उन्होंने कहा कि- मुर्शिदाबाद में फैली हिंसा की जांच के लिए एसआईटी का भी गठन कर दिया गया है। सीएम ने आगे बताया कि, फिलहाल स्थानीय प्रशासन वहां (मुर्शिदाबाद) के लोगों का विश्वास हासिल करने की कोशिश कर रहा है।

**शुभेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई** : न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी की खंडपीठ राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उन्होंने मुस्लिम बहुल जिले में हिंसा की शिकायत की थी।

### जिनका नाम घोटाले में नहीं वे नौकरी करते रहेंगे

इधर, पश्चिम बंगाल को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन बर्खास्त स्कूल शिक्षकों की सेवाएं बढ़ा दी हैं, जिनका नाम नियुक्ति घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज नहीं किया गया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने राज्य सरकार को 31 मई या उससे पहले भर्ती प्रक्रिया शुरू करने और इस साल 31 दिसंबर तक इसे पूरा करने का निर्देश दिया है।




| | 125 NEON | 125 CARBON FIBRE | NS 125 BASE | N160 TWIN DISC | N160 USD |
|---|---|---|---|---|---|
| बचत | ₹2 182/- | ₹2 000/- | | | ₹5 656/- |
| स्पेशल क्रीमत (बचत के बाद) | ₹84 794/- | ₹92 141/- | ₹99 994/- | ₹1 23 720/- | ₹1 37 952/- |

*एक्स-शोरूम क्रीमत

72198 21111 | BAJAJ SECURE - AMC - ROAD SIDE ASSISTANCE

*नियम और शर्तें लागू. *एक्स-शोरूम क़ीमत दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स के लिए है. क़ीमत संशोधन बनाम दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स की एक्स-शोरूम क़ीमत 31 मार्च 2025 के अनुसार. *पल्सर 125 नियॉन के लिए डाउन-पेमेंट मार्जिन मनी है। मार्जिन मनी में DCC शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं और यह क्रेडिट मापदंडों की पूर्ति पर आधारित है. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raipur:** Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955•Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235 • **Baloda Bazar** ARUN BAJAJ 90009399506 • **Bhatapara** ARUN BAJAJ 7828353259 • **Bhilai** AVN BAJAJ 7884252700, 9644066266 • **Durg** VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • **Dhamtari** TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • **Kanker** TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • **Bhanupratappur** TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • **Jagdalpur** T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424211576 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 **Dongargarh** KAKKAD BAJAJ 9028597766 • **Kawardha** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 **Pandatarai** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906. **Authorised Service Centre:** Abhanpur 9425510725, Ahiwara 8719067333, Ambagarh Chowki 9111155511, Arang 8224026403,8770906243, Bagbahara 9926161553, Balod 9770186691, Bakhara 7000627684, Basna 9753408127, Bemetra 8319906176, Berla 9644045882, Chandrakhuri 9826764123, Charama 9406445493, Charoda 990744880, Chhuriya 7999113621, Dallirajhara 9589956199, , Dantewada 9425594844, Dongargaon 8770405245, Farasgaon 9986433880 , Gariyaband 7777888487, Gidhori 9425202238, Gunderdehi 9752027700, Jhalap 9753559579, Kasdol 9826142260, Keshkal 9986433880, Khairagarh 7470888488, Komakhan 8319131967, Kondagaon 9986433880, Kurud 7470499500, Nagri 9109099900, Nawagarh 9981235777, Nayapara 9826433867,8602057777, Pakhanjur 9425593572, Pandaria 7470991444, Patan 9752756264, Pirda 9977377533, Pithora 9713118410, Rajim- 8602057777, Risali 9098847683, Sankra 8120008091, Sargaon 700079773, Singhanpur 9713848382, Tilda 9329068989, Tendukona 9425512175 , Utai 7879043998.

## चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ ने लगा दी सोने के दामों में आग

सोना केवल भारतीयों ही नहीं पूरी दुनिया की महिलाओं के लिए प्रिय है। सोने को धन, शक्ति और ऐश्वर्य का प्रतीक माना जाता है। गोल्ड को सदियों से अत्यंत प्रतिष्ठित, यहां तक कि पूजनीय सामग्री के रूप में ऊंचा स्थान प्राप्त रहा है। इसका उपयोग हजारों वर्षों से आभूषण और विनिमय के साधन के रूप में किया जाता रहा है, लेकिन अब ये आम आदमी की पहुंच से लगातार दूर हो रहा है। सोने के भाव आसमान छू रहे हैं। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 18,748 रुपये बढ़कर 95,207 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपये महंगा हुआ था। अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ़ गई है। ऐसे में लोग सोने में निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है। दुनियाभर में लोग जमकर सोने की खरीद कर रहे हैं। यही कारण है कि गोल्ड इंपोर्ट सालभर पहले के मुकाबले 205 प्रतिशत बढ़ गया। यह पिछले वित्त वर्ष के किसी महीने में सालाना आधार पर दूसरा बड़ा उछाल रहा। पूरे वित्त वर्ष 2025 में सोने का आयात सालभर पहले के मुकाबले 30 फीसदी ज्यादा रहा। हालांकि इस दौरान आयात होने वाले गोल्ड की मात्रा सालभर पहले से कम रही, लेकिन कीमतें 34 प्रतिशत के उछलने के चलते आयात का आंकड़ा बढ़ गया। सोने की कीमत में काफी तेजी आई है। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इंपोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं। इस साल रुपये में लगभग 4 फीसदी की गिरावट आई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है। शादियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में सोने के गहनों की मांग बढ़ रही है। ऊंची कीमतों के बावजूद बिक्री में तेजी है, क्योंकि लोग सोने को निवेश और समृद्धि के प्रतीक के रूप में देखते हैं। विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने अनुमान जारी किया है कि अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.10 लाख रुपये तक जा सकते हैं। सच तो यह भी है कि बीते कई सालों से सोना बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली परिसंपत्तियों में शुमार रहा है। एक जनवरी 2025 के बाद से डॉलर में इसकी कीमत 11 फीसदी और रुपये में 13 फीसदी चढ़ी हैं। जनवरी 2024 से अब तक सोना डॉलर में 42 फीसदी मजबूत हुआ है। सोने को हमेशा से ही महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता से बचने का जरिया माना जाता है। इस कारण इसका प्रतिफल बेहतरीन रहा है। गत वर्ष दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने 1,045 टन सोना खरीदा था। यह लगातार तीसरा साल था जब केंद्रीय बैंकों ने 1,000 टन से अधिक सोना खरीदा था। खुदरा निवेशक और धातु कारोबारी भी जोश में रहे हैं। भारतीय परिवारों के पास दुनिया के कुल सोने का करीब 12 फीसदी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर है और ट्रेड वॉर के चलते आपूर्ति श्रृंखला में दिक्कतें होने की आशंका है। जिसके चलते सोने में अभी और उछाल की संभावना जताई जा रही है। जब तक ट्रेड वॉर ठंडी नहीं होती तब तक सोना पहुंच से बाहर ही रहने की आशंका है।



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

# परियोजनाओं में देरी से विकास बाधित

प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास में बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने असम के बोगीबील पुल परियोजना का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया, लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। इसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं।

अमेरिकी लेखक जय.एम. फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उसे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती हैं और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती हैं। इस देर और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पाती, लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है। लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है।

बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास में बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने असम के बोगीबील पुल परियोजना का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया, लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। इसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 में इसे जनता के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन तकरीबन पचास साल तक लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया। प्रधानमंत्री मोदी जब भी कोई नया काम शुरू करते हैं या देश के सामने कोई लक्ष्य रखते हैं, तो वे नया नारा भी गढ़ते हैं। 'देरी विकास का दुश्मन है' इस कड़ी में नया नारा है। देश में ऐसी कई परियोजनाएं मिल जाएंगी, जिन्हें तय वक्त तक पूरा नहीं किया जा सका। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने



के लिए घाघरा नदी पर मांझी में एक पुल है। इस पुल का शिलान्यास जनता पार्टी के शासनकाल के राज्य मंत्री चांद राम ने शुरू किया और दशकों तक इसका काम नहीं हो पाया। अरसे बाद यह पुल बनकर तैयार हो पाया। परियोजनाओं में देरी की ऐसी ढेरों कहानियां पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना का भी इसी संदर्भ में उल्लेख किया है। देश की आर्थिक राजधानी के लिए बेहतर और सुगम हवाई सेवा की जरूरत से किसे इनकार हो सकता है। लेकिन नवी मुंबई में हवाई अड्डा बनाने की चर्चा साल 1997 में शुरू हुई। उस परियोजना को ठीक दस साल बाद यानी 2007 में मंजूरी मिल पाई, लेकिन राजनीति और नौकरशाही से कोलाज वाले तंत्र की वजह से इस परियोजना पर ठोस रूप में काम नहीं हो पाया। प्रधानमत्री ने तो सीधे-सीधे इसके लिए इस दौरान केंद्र और महाराष्ट्र में काबिज रही कांग्रेस सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री के अनुसार, कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई की। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी। देश के आर्थिक विकास की नींव नरसिंह राव ने साल 1991 में रखी थी, जिनके सहयोग से तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने उदारीकरण की गति को तेज किया था। देश की आर्थिकी को लाइसेंस राज और लालफीताशाही से दूर किया था। उस बदलाव का असर भी दिखा, लेकिन राजकाज की कमान जिस तंत्र के हाथों में रही, वह पुरानी मानसिकता से ग्रस्त रहा। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद इस मानसिकता को थोड़ी लगाम जरूर लगी है। यह बात और है कि इस मोर्चे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। 'देरी, विकास का दुश्मन है' के प्रधानमंत्री के नए मंत्र का ही असर कहा जाएगा कि आर्थिक मोर्चे पर तय लक्ष्यों को हासिल करना आसान हुआ। आर्थिक मोर्चे पर बदलाव का ही असर है कि कुछ ही वर्षों में दुनिया की 11वें नंबर से भारतीय अर्थव्यवस्था पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। दुनियाभर की विकास दर को कोरोना की महामारी ने बुरी तरह प्रभावित किया। आज की दुनिया के विकास का ईंधन एक तरह से जैविक ऊर्जा यानी पेट्रोल और डीजल है। अरब देशों के आपसी संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत को पेट्रोलियम आपूर्ति में बाधा न पड़ना, चीन और अमेरिका के बीच जारी व्यापार युद्ध के बावजूद भारत की विकास दर में कमी ना आना, एक तरह के भारत के संकल्प का नतीजा है। बेशक इसके लिए राजनीतिक नेतृत्व जिम्मेदार है, लेकिन प्रधानमंत्री ने इसका श्रेय युवाओं को दिया। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व बढ़ोतरी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं से प्रेरित है।

पहले दुनिया मानती थी कि भारत धीरे-धीरे और लगातार प्रगति करेगा, उसी दुनिया को भारत अलग नजर आ रहा है। दुनिया अब देश को 'तेज और निडर भारत' के रूप में देख रही है। परियोजनाओं में देरी को विकास के दुश्मन के तौर पर प्रधानमंत्री का स्थापित करना एक तरह से राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं को संबोधित करना है। विश्व गुरू बनने की आकांक्षा हो या आर्थिक या दूसरी तरह वैश्विक महाशक्ति बनना, इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इसी सोच को हर स्तर पर ना सिर्फ आगे बढ़ाना होगा, बल्कि उसे राष्ट्रीय प्राथमिकता के तौर पर भी विकसित किया जाना होगा। अब भी तंत्र में ऐसे ढेर सारे तत्व हैं, जो योजनाओं को लटकाने और टालने में भरपूर रूचि लेते हैं। एक तरह से ऐसी सोच वाला डीएनए तंत्र में फैला हुआ है। आर्थिक मोर्चे पर भारत की सफलता दर अगर बढ़ी है तो उसके पीछे निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री की दृष्टि है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जलवायु परिवर्तन
ज्ञानेन्द्र रावत



# ग्लेशियरों के पिघलने से सिकुड़ रही जीवन की धारा

दुनिया में ग्लेशियरों का पिघलना समूचे प्राणी जगत के लिए संकट का सबब बन गया है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनेस्को की विश्व जल विकास रिपोर्ट 2025 में दुनिया में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया है कि यदि ग्लेशियरों के पिघलने की मौजूदा दर इसी तरह जारी रही तो इस संकट के परिणाम अभूतपूर्व और विनाशकारी होंगे। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगा तो दुनिया की कुल 8.2 अरब आबादी में से दो अरब से भी ज्यादा लोग पानी और भोजन की गंभीर समस्या का सामना करने को विवश होंगे। गौरतलब है कि ग्लेशियरों की धरती पर जल चक्र बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्लेशियरों का पानी ही नदियों के जरिये हमारे जीवन की धारा को आगे बढ़ाता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों के पिघलने को कहें या सिकुड़ने से नदियों पर संकट दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। हकीकत यह है कि जलवायु परिवर्तन के चलते ग्लेशियरों के सिकुड़ने और पर्वतीय क्षेत्रों में दिनोंदिन घटती बर्फबारी के कारण दुनिया की दो तिहाई खेती योग्य जमीन के प्रभावित होने की प्रबल आशंका है। समूची दुनिया में तकरीब 2.75 लाख से भी ज्यादा ग्लेशियर सात लाख से अधिक वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हैं जो जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की मानें तो दुनिया के सभी 19 ग्लेशियर क्षेत्रों में लगातार तीसरे वर्ष यानी 2022, 2023 और 2024 में अभूतपूर्व नुकसान देखा गया है। इस बारे में यदि विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मानें तो इसमें नार्वे, स्वीडन और स्वालबार्ड सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। यही नहीं अमेरिका की कोलोराडो नदी तो 2020 में ही सूख चुकी है। यूनेस्को के डायरेक्टर जनरल आंड्रे एंजुले का कहना है कि ग्लेशियर और पर्वतीय जल स्रोतों पर हम पूरी तरह निर्भर हैं। क्योंकि दुनिया में पेयजल का 70 फीसदी हिस्सा इन्हीं ग्लेशियरों में संरक्षित है। जलवायु परिवर्तन के चलते इनके तेजी से पिघलने से पेयजल के इन सबसे बड़े स्रोतों के अस्तित्व पर संकट है। इसलिए इन्हें बचाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। क्योंकि ग्लेशियर हैं तो जल है, जल है तो जीवन है और जीवन है तो हम हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और नेशनल स्नो एण्ड आइस डेटा सेंटर के शोध से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि वर्ष 2010 के पहले आर्कटिक और अंटार्कटिका में जो बर्फ की चादर बिछी होती थी, उसमें अब लाखों वर्ग किलोमीटर की कमी हो गयी है। वहां अब मात्र 143 लाख वर्ग किलोमीटर बर्फ बची है। यह 2017 के 144 लाख वर्ग किलोमीटर के पिछले निम्नतम स्तर से भी नीचे चली गयी है। 2000 और 2023 के बीच ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के ग्लेशियरों ने हर साल लगभग 270 अरब टन बर्फ को खो दिया है। एक वर्ष में 270 अरब टन बर्फ का नुकसान पूरी वैश्विक आबादी द्वारा 30 वर्ष में खपत किये जाने वाले पानी के बराबर है। इस बारे में मैरीलैंड के ग्रीनबेल में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के वैज्ञानिक लिनेन बोइसवर्ट का कहना है कि अगली गर्मियों के मौसम में हमारे पास बहुत कम बर्फ बचेगी। इसमें मानवीय गतिविधियों, मुख्यतः जीवाश्म ईंधन के जलने से हुयी तापमान में बढ़ोतरी अहम है। दर असल जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जाता है, उसी गति से ग्लेशियर बनने की तुलना में तेजी से पिघलने लगते हैं और अपनी जगह छोड़ने लगते हैं।जहां तक हिमालयी ग्लेशियरों का सवाल है, सरकार की ओर से 2023 में संसद में पेश रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के ग्लेशियर अलग- अलग दर से तेजी से पिघल रहे हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से हिमालय की नदियां किसी भी समय प्राकृतिक आपदायें ला सकती हैं। रिपोर्ट में सरकार ने स्वीकार किया कि ग्लेशियर के पिघलने से नदियों के बहाव में अंतर आयेगा और जिसके परिणाम स्वरूप आबादी का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा। ग्लेशियरों को बचाना महज बर्फ को बचाना नहीं है बल्कि अपने भविष्य को बचाना है। यह याद रखना होगा कि ग्लेशियर मात्र बर्फीले शिखर ही नहीं हैं, वे हमारे भविष्य की जड़ें हैं। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ हिमालय क्षेत्र में मानवीय दखलंदाजी पर अंकुश, जलवायु परिवर्तन के दानव और कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगानी ही होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हिमालय की धारायें मौन हो जायेंगी, हम बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जायेंगे,खेत सूख जायेंगे, जमीन बंजर हो जायेगी और हमारे बच्चों की आंख में पानी नहीं आंसू होंगे और वे भी एक दिन सूख जायेंगे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मानव अपनी दौड़ को सीमित करे



संकलित
दर्शन

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें। तभी मानव शांति प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की प्रवृत्ति ही जोड़ने की होती है। यह अपनी बंदमुठ्ठी कभी खोलना नहीं जानता है। जो यह समझ गया कि बंदमुठ्ठी खोलने के लिए है, उसका जीवन सार्थक होगा।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहाँ शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहाँ तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## गुरु तेग बहादुर जयंती



सिख श्रद्धालु नौवें सिख गुरु तेग बहादुर की जयंती की पूर्व संध्या पर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए।

## आज की पाती

### पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक का दायित्व

हाल ही में विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट प्रकाशित हुई हैं जिससे भारत की फिर किरकिरी हुई है। इस रिपोर्ट की मानें तो दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 केवल भारत के ही हैं और दिल्ली लगातार छठवीं बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का खिताब पाने में प्रथम आई है। ऐसे दिल दहला देने वाले आंकड़े देखकर यदि यह प्रश्न पूछा जाए कि इस पृथ्वी पर सबसे खतरनाक पशु कौन है तो संभवतः शेर, बाघ, चीता जैसे पशुओं का विचार आएगा। लेकिन मेरे अनुसार इस पृथ्वी का सबसे खूंखार पशु मनुष्य है, मनुष्य ने इस ग्रह को जितनी क्षति पहुंचाई है, शायद ही किसी अन्य पशु की पूरी प्रजाति ने मिलकर उतनी क्षति पहुंचाई होगी। प्रदूषण सिर्फ भारत तक सीमित नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए चिंता का विषय है। – *रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### एकीकरण कार्यक्रम



बंदूकों से लेकर मूंगफली और उग्रवाद से लेकर उद्यमिता तक, कार्बी आंगलोंग ने हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर बदलाव देखा है। हमारे विभिन्न पुनः एकीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से, कई लोग मत्स्य पालन और कृषि उद्यमी के साथ-साथ नौकरी सृजक भी बन गए हैं।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### विनम्र श्रद्धांजलि



स्वतंत्रता सेनानी और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए उनका योगदान सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। वह स्वभिमानी और गौरवान्वित करने वाले ओड़िया थे।
**-मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा**

### लोको पायलटों से अन्याय



रेलवे के लोको पायलटों की 14-14 घंटे की शिफ्ट, लगातार रात की ड्यूटी, न पर्याप्त आराम, न खाने का ब्रेक और न शौचालय की सुविधा। ये न सिर्फ उनके साथ अन्याय है, बल्कि उन करोड़ों यात्रियों की सुरक्षा से भी खिलवाड़ है जो ट्रेनों से सफर करते हैं।
**- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### वजन घटाने वाली दवा



भारत के वजन घटाने वाली दवा बाजार ने विस्फोटक वृद्धि प्रदर्शित की है, जो नवंबर 2020 में 37 करोड़ से बढ़कर नवंबर 2024 तक 535 करोड़ हो गई है।
**-स्वामीनाथन पद्मनाभनश, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका में गांधी की प्रतिमा का अनावरण



दक्षिण अफ्रीका के फ्री स्टेट प्रांत में 'एंग्लो-बोअर' युद्ध संग्रहालय में महात्मा गांधी की एक विशाल आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। फ्री स्टेट में लागू रंगभेद कानून की वजह से एक सदी से भी अधिक समय तक भारतीयों का इस प्रांत में प्रवेश प्रतिबंधित था। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता राम वंगी सुतार द्वारा बनाई गई इस कांस्य प्रतिमा को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने संग्रहालय को दान किया है। प्रतिमा का अनावरण 11 अप्रैल को भारतीय उच्चायुक्त प्रभात कुमार ने 1899-1902 के एंग्लो-बोअर युद्ध में भारतीयों की भागीदारी की अब तक की अनकही कहानी पर एक वृत्तचित्र और एक पुस्तक के साथ किया। वर्ष 1994 में नेल्सन मंडेला के दक्षिण अफ्रीका के पहले लोकतांत्रिक राष्ट्रपति चुने जाने तक, 'ऑरेंज फ्री स्टेट' के नाम से जाने जाने वाले इस प्रांत में कानून के तहत भारतीयों के प्रवेश पर प्रतिबंध था। यहां तक कि तटीय शहर डरबन तक पहुंचने के लिए प्रांत से गुजरने वालों को भी पहले से परमिट लेना पड़ता था। भारतीय लोग यहां गन्ने के खेतों में काम करने वाले मजदूरों के रूप में यहां पहुंचे थे। ब्लोमफोनटेन में युद्ध संग्रहालय के निदेशक टोकी प्रीटोरियस ने कहा, "ब्लोमफोनटेन में युद्ध संग्रहालय का मुख्य विषय दक्षिण अफ्रीकी एंग्लो-बोअर युद्ध है।

## ऑफ बीट

# भेड़ों से अधिक बुद्धिमान साबित हुई हैं बकरियां



जब हम बुद्धिमान पशुओं के बारे में सोचते हैं तो आमतौर पर भेड़-बकरी जैसे जानवर हमारे जेहन में सबसे पहले नहीं आते। हमारे जेहन में चिंपांजी, आरंगुटान, कैपुचिन्स जैसे पशु या कौए जैसा पक्षी आता है। लेकिन मेरे शोध में पता चला है कि भेड़, बकरियां और अल्पाका जैसे पशु भी कम अक्लमंद नहीं होते। दो अलग-अलग अध्ययनों में, मैंने पता लगाया कि ये जानवर कैसे सीखते हैं, याद रखते हैं और अपने आस-पास की दुनिया को कैसे समझते हैं। निष्कर्षों से न केवल यह पता चलता है कि हमने उनकी सोचने-समझने क्षमताओं को कम करके आंका है, बल्कि जानकारी भी मिली कि इन पशुओं के बीच भी महत्वपूर्ण अंतर हैं। तीनों पशुओं में से बकरियां शीर्ष पर रहीं और उन्होंने याददाश्त व समस्या के समाधान के मामले में भेड़ों और अल्पाकाओं दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया। प्रारंभिक अध्ययन भोजन जैसी किसी महत्वपूर्ण चीज के स्थान को याद रखने की क्षमता पर केंद्रित था। जंगल में, यह जीवित रहने का एक महत्वपूर्ण कौशल है। जानवरों को यह याद रखने की जरूरत होती है कि उन्हें पानी, भोजन या आश्रय कहां मिलेगा। मैंने एक सरल प्रयोग किया। प्रत्येक जानवर को एक छोटे से क्षेत्र में कई बाल्टियों में से एक में छिपा हुआ भोजन ढूंढना था।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

बच्चो, क्या तुम जानते हो हम सब जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वो कितनी विविधताओं से भरी हुई है? इसकी विविधताएं ही इसे सौर मंडल का सबसे अनूठा ग्रह बनाती है। लेकिन हम इंसानों की लापरवाही से इस पर कई तरह के संकट बढ़ रहे हैं, इसका स्वरूप बिगड़ रहा है। हमारी धरती हमेशा हरी-भरी रहे, इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

# हमेशा हरी-भरी रहे हमारी पृथ्वी



जागरूकता

देवेंद्र मेवाड़ी





बच्चो, पृथ्वी के बारे में हम तुम्हें कुछ रोचक बातें बताएं, इससे पहले आओ, जरा आसमान से अपनी प्यारी पृथ्वी पर नजर डालते हैं। देखें तो सही वहां से यह कैसी दिखती है? ओह, दूर अंधेरे में कितनी सुंदर लगती है हमारी प्यारी पृथ्वी! चमकीला नीला गोला, उस पर फैले घुंघराले श्वेत बादल, नीचे भूरे, हरे, हल्के पीले महाद्वीप, बर्फ से ढंके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। नील मणि-सी चमकती मां पृथ्वी का यह नीला रंग इसके विशाल नीले महासागरों के कारण दिखाई देता है।

## विविधताओं से भरी

हमारे प्राचीन ग्रंथों में पृथ्वी को मां कहा गया है। सूर्य से दूरी के हिसाब से यह सौर मंडल का तीसरा ग्रह है। यह एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन है। हमारी पृथ्वी अपने आप में बहुत-सी विविधताओं को समेटे हुए है। इसमें कहीं ऊंची पर्वतमालाएं हैं तो कहीं दूर-दूर तक फैले मैदान, कहीं गहरी घाटियां हैं तो कहीं विशाल रेगिस्तान। कहीं हरे-भरे जंगल, तो कहीं विशाल दलदल। कहीं सदानीरा नदियां बहती हैं तो कहीं ऊंचे पहाड़ों से छल-छल झरने गिरते हैं। कहीं भीषण गर्मी पड़ती है तो कहीं कड़ाके की सर्दी। कहीं घनघोर वर्षा होती है तो कहीं बारिश का नामो-निशान नहीं होता।



## इसलिए मौसम में होती है भिन्नता

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। साथ ही यह लगातार घूमती रहती है। जब यह अपनी धुरी पर घूमती है तो घूमते हुए लट्टू की तरह अंडाकार कक्षा में सूर्य की परिक्रमा भी करती है। इस सब का नतीजा यह होता है कि पृथ्वी के हर हिस्से पर साल भर सूर्य की रोशनी एक समान नहीं पड़ती। इसीलिए पृथ्वी की भूमध्य रेखा के आस-पास के हिस्सों में मौसम बेहद गर्म होता है। ज्यों-ज्यों हम उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते हैं तो तपन कम होने लगती है और मौसम ठंडा लगने लगता है। और ध्रुवों पर तापमान न्यूनतम हो जाता है। ये हमारी पृथ्वी की जलवायु के विविध रंग हैं।



## बिगड़ रहा है ऋतु चक्र

आज से कुछ दशक पहले तक अपने सही समय पर ऋतुएं बदलती थीं। समय पर वसंत आता था। मई-जून में गर्मी पड़ती थी, फिर वर्षा ऋतु आती थी। उसके बाद हेमंत ऋतु और फिर शीत ऋतु की ठिठुरन शुरू हो जाती थी। ऋतुओं के हिसाब से किसान खेती करते थे, बोआई और कटाई के उत्सव मनाते थे। पशु-पक्षी भी ऋतुओं के हिसाब से अपनी लंबी प्रवास यात्राएं करते थे या ठंडे प्रदेशों में गुफाओं, कोटरों और बिलों में सो जाते थे। नन्ही तितलियां वसंत के इंतजार में प्यूपा बन कर किसी टहनी, चट्टान या दीवार से लटक जाती थीं कि वसंत आएगा और वे पंख फड़फड़ा कर मधु और पराग चूसने के लिए फूलों के पास पहुंच जाएंगी। नदियां कल-कल बहा करती थीं, हरे-भरे जंगल ठंडी बयार बहाकर हमारी सांसों के लिए भरपूर मात्रा में प्राणवायु ऑक्सीजन दिया करते थे। जलवायु के साथ हर जीवधारी का संबंध हुआ करता था। लेकिन अब यह संबंध भी गड़बड़ा गया है। वसंत समय पर नहीं आता तो फूल भी समय पर नहीं खिलते। बेमौसम और असमान रूप से बरसात होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन होने से मौसम में ये परिवर्तन हो रहे हैं। हम इंसानों की लापरवाही से ही पृथ्वी का प्राकृतिक स्वरूप और इसकी जलवायु बिगड़ रही है।



## हम निभाएं अपनी जिम्मेदारी



पृथ्वी को इन तमाम संकटों से बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। बच्चो, इसमें सबसे बड़ी भूमिका तुम्हारी होगी। तुम ही देश, दुनिया के भविष्य हो। तुम्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, इस प्यारी पृथ्वी पर हरियाली बढ़ानी होगी। जल, थल और वायुमंडल को साफ रखना होगा। तभी यह प्यारी-निराली पृथ्वी रहने लायक रहेगी। *

## चिंताजनक है ग्लोबल वार्मिंग



**प्रकृति में** आए परिवर्तन की वजह यह है कि विकास की एक ऐसी अंधी दौड़ शुरू हो गई है कि हर कहीं पेड़ों के जंगल के बजाय कंकरीट के जंगल (ढेरों मकान, भवन और ऊंची इमारतें) खड़े होने लगे हैं। हरे-भरे जंगल कटने लगे हैं और शहर फैलने लगे हैं। हम लोग यह भूल गए कि पेड़-पौधों और हरे-भरे जंगलों से ही हमें सांसें मिलती हैं। हम उनकी बनाई प्राणवायु ऑक्सीजन में ही सांस लेकर जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए हवा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की ठीक उतनी ही मात्रा रखी थी, जितनी हमारे सांस लेने के लिए जरूरी थी। लेकिन हरे-भरे जंगल कटने, शहरों के फैलने, सड़कों पर लाखों गाड़ियों के पेट्रोल से उत्पन्न होने वाले धुएं से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में पहुंचने लगी। इससे वायुमंडल में प्रकृति द्वारा तय किया गया गैसों का अनुपात गड़बड़ा गया। परिणाम यह हुआ कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक इसे वैश्विक तपन या ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। इस तपन के कारण ध्रुवों की बर्फ पिघल रही है और ग्लेशियर भी पिघल कर सिकुड़ते जा रहे हैं। तापमान इसी तरह बढ़ता गया तो सागरों में पानी का स्तर बढ़ने से सागरतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा।

यह भी जानो / शिखर चंद जैन

# बहुत अनूठी हैं पृथ्वी की विशेषताएं



बच्चो, पृथ्वी (अर्थ) हमारे सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है, जिस पर जीवन है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी इस पृथ्वी पर रहते हैं। हमारी पृथ्वी के अलावा बाकी कुछ ग्रहों पर जीवन होने की संभावनाएं तो जताई गई हैं, लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस लिहाज से पृथ्वी सौर मंडल के अन्य ग्रहों से अलग-अनूठी है।

**कितनी पुरानी है पृथ्वी:** विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। नेशनल सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के वैज्ञानिकों ने चट्टानों और उल्कापिंडों की कार्बन-डेटिंग (प्राचीन वस्तुओं की उम्र पता लगाने की वैज्ञानिक विधि) करके इस अनुमानित आयु का पता लगाया है। हजारों साल तक मनुष्य यह मानता रहा कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र है। बाद में पता चला कि सूर्य, हमारे सौर मंडल के केंद्र में है और पृथ्वी समेत अन्य ग्रह उसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं।




**पांचवां सबसे बड़ा ग्रह:** पृथ्वी की भूमध्यरेखीय त्रिज्या (इक्वेटोरियल रेडियस) लगभग 6,378 किलोमीटर और व्यास (डायमीटर) लगभग 12,756 किलोमीटर है, जबकि इसकी ध्रुवीय त्रिज्या (पोलर रेडियस) लगभग 6,357 किमी और व्यास लगभग 12,714 किमी है। पृथ्वी हमारे सौर मंडल का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।

**पृथ्वी की परतें:** परतों (लेयर्स) की बात करें, तो हमारी पृथ्वी को मुख्य रूप से तीन परतों में बांटा गया है- कोर, मेंटल और क्रस्ट। कोर पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग होता है। पृथ्वी के मध्य भाग को मेंटल कहते हैं, जबकि पृथ्वी के सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट कहते हैं। क्रस्ट ही वह हिस्सा है, जिस पर मानव जीवन का अस्तित्व है।

**लगातार गतिशील है पृथ्वी:** बच्चो, हमारी पृथ्वी दो तरीके से गति करती है-घूर्णन (रोटेशन) और परिक्रमण (रिवॉल्यूशन)।

पृथ्वी अपने अक्ष (धुरी) पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी को अपना एक घूर्णन पूरा करने में लगभग 24 घंटे का समय लगता है। अपने अक्ष पर लगातार घूमते रहने के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 1667 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है। घूर्णन के अलावा हमारी पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकार (एलिप्टिकल) कक्षा में चक्कर भी लगाती है, जिसे परिक्रमण कहा जाता है। यह सूर्य के चारों ओर लगभग 1,07,226 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चक्कर लगाती है। सूर्य का एक चक्कर लगाने में पृथ्वी को 365.25 दिन का समय लगता है। परिक्रमण गति के कारण ही हमारी पृथ्वी पर ऋतु/मौसम परिवर्तन होता है।

**पानी का भंडार:** पृथ्वी पर जल का अथाह भंडार है। इसकी सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा तो पानी से ही ढंका है। सिर्फ 29 प्रतिशत हिस्सा ही भूमि है। इस पानी में से केवल 3 प्रतिशत पानी ही मीठा/ताजा यानी अलवणीय और पीने योग्य है। बाकी 97 प्रतिशत पानी खारा है। पृथ्वी का लगभग 90 प्रतिशत ताजा पानी अंटार्कटिका की ध्रुवीय बर्फ के रूप में जमा हुआ है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्यारी-मनोरंजक कहानियां




बच्चो, बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध लेखिका जया मित्र की बाल-कहानियों की किताब 'चार-पांच दोस्त' का हिंदी अनुवाद हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इसका अनुवाद किया है कल्लोल चक्रवर्ती ने। इसमें कुल चौदह कहानियां और एक नाटक संकलित है। इन कहानियों में बाग-बगीचे, फूलों वाले पेड़, नदी, पहाड़, जंगल, बारिश, चिड़िया, तितली आदि मौजूद हैं। इनके साथ नन्हे बच्चों की खिलंदड़ी हरकतें मन को लुभाती हैं। हम सभी के जीवन में प्रकृति की कितनी महत्ता है, इसे बड़े सरल ढंग से ये कहानियां बताती हैं। 'चार-पांच दोस्त', दो चिड़िया चड़ुआ-बड़ुआ, दो नन्ही बच्चियों रियां-पियाल और एक छोटे लड़के गौतम की प्यारी-सी कहानी है। 'उस बार पहाड़ में' और 'तितलियों का गांव' समेत सभी कहानियां तुम्हें अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** चार-पांच दोस्त, **लेखिका:** जया मित्र, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**चिंटू :** अगर मिस्टर बीन सो जाए, तो हम उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंटू :** पता नहीं। तुम्हीं बता दो, क्या कहेंगे?
**चिंटू :** सोयाबीन।
-रमन, रायपुर

**पापा :** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा :** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू :** बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

**कंप्यूटर टीचर :** कंप्यूटर चलाने के लिए तुम्हें सबसे पहले ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**रोहित :** लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।
-दीक्षा, रोहतक

## जीके क्विज-150

1. पहला 'पृथ्वी दिवस' किस वर्ष मनाया गया था?
2. 'पृथ्वी दिवस' मनाने की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?
3. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ने आइपीएल क्रिकेट में एक हजार बाउंड्रीज (चौके और छक्के) लगाने का रिकॉर्ड बनाया?
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को किस देश में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया?
5. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
6. दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान कौन-सा है?
7. किस भारतीय शहर को 'द सिटी ऑफ पैलेस' कहा जाता है?
8. लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?
9. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर का पहला माह कौन सा है?
10. केरल की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-150 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-149 का उत्तर :** 1.बिहार, 2.राजनाथ सिंह, 3.चंडीगढ़, 4.पोरबंदर (गुजरात), 5.प्रशांत महासागर, 6.कोलकाता में, 7.वेटिकन सिटी, 8.अकबर, 9.के-2, 10.हरिवंश राय बच्चन

**जीके क्विज-149 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, सुमन-रायपुर, संकेत-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक, प्रज्ञा-धमतरी, राहुल-बालोद, प्रिया-महासमुंद, गौतम-दिल्ली, कनक-बलौदा बाजार, त्रिशा-राजनांदगांव



कहानी

मंजरी शुक्ला

अबीर अपने मामा जी और दोस्त हर्षित के साथ पिकनिक मनाने के इरादे से नदी किनारे आया। लेकिन तीनों नदी के आस-पास का नजारा देखकर दुखी हो गए। असल में वहां गंदगी बहुत थी। तो क्या तीनों पिकनिक का इरादा छोड़कर वापस लौट गए या वहां कुछ अनहोनी हो गई?

# मुस्कुरा उठी नदी



'तुम्हारे मामा इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हुए हैं और तुम अपने कमरे में बैठे हुए हो!' मामा जी यह कहते हुए एकाएक अबीर के सामने आकर खड़े हो गए।

अबीर खुशी से उनसे लिपट गया, 'अरे! आप कब आ गए मामाजी?' 'आया तो अभी हूं। आज हम नदी किनारे पिकनिक मनाने चलेंगे।' मामा जी अबीर के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोले।

अबीर तुरंत बोला, 'मामा जी, मैं अपने दोस्त हर्षित के घर जाकर उसे भी ले आता हूं। वह भी हमारे साथ पिकनिक मनाने चलेगा।' थोड़ी ही देर बाद मामा जी के साथ कार में बैठकर अबीर और हर्षित पिकनिक के लिए निकल गए। दोनों मजे से मामा जी से बात करते हुए चले जा रहे थे। मामा जी ने बताया, 'मेरे गांव में नदी का पानी इतना स्वच्छ और निर्मल रहता है कि सभी लोग नदी के पास किसी घने पेड़ के नीचे बैठकर अपना सुख-दुःख बांटते हैं, प्रकृति के करीब काफी समय बिताते हैं फिर शाम तक घर लौटते हैं।'

अबीर बोला, 'अच्छा! मामा जी इसी तरह की और बातें भी हमें बताएं ना!' मामा जी ने अपने बचपन की यादों का पिटारा खोल दिया। बातों ही बातों में न जाने कितना समय निकल गया, कुछ पता ही नहीं चला।

तभी हर्षित खुशी से चिल्लाया, 'ठंडी हवा आने लगी है, मतलब हम नदी के पास पहुंच गए हैं।' मामा जी ने एक जगह रुक कर गाड़ी लॉक की और बोले, 'आज हम लोगों को बहुत मजा आएगा।' 'यहां तो एक अजीब-सी बदबू आ रही है।' अबीर ने नाक पर हाथ रखते हुए कहा। थोड़ा आगे बढ़े तो हर्षित बोला, 'लग रहा है यहां पर लोग पिकनिक मनाने नहीं बल्कि अपने घर का कूड़ा डालने के लिए आए हैं।' 'वह आंटी तो पूरा बैग भरकर प्लास्टिक और अगरबत्ती के पैकेट नदी के अंदर डाल रही हैं।' मामा जी उस ओर इशारे करते हुए बोले। 'चारों तरफ चिप्स और बिस्किट के पैकेट बिखरे पड़े हुए हैं।' हर्षित धीरे से बोला।

'हम लोग कहीं और चलकर पिकनिक मनाते हैं।' अबीर मुंह बनाते हुए बोला। हर्षित ने भी सहमति जताई, 'अबीर सही कह रहा है। हम इतनी गंदी जगह बैठ कर पिकनिक नहीं मनाएंगे। यहां बैठकर खाना-पीना दूभर हो जाएगा।'

लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता

देवी प्रसाद गौड़



## धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173

**रंग भरो-173** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





समृद्धि, शहडोल



सौम्य, बालोद



अन्वीक्षा, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर



वैदिक, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भेपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली

## रंग भरो 174



बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# टाइम मैगजीन की लिस्ट में बॉलीवुड सितारे गायब



**लॉस एंजिल्स।** टाइम मैगजीन ने हर साल की तरह इस साल भी दुनिया के 100 प्रतिभाशाली लोगों की सालाना लिस्ट जारी कर दी है। साल 2025 की इस लिस्ट का इंतजार अब खत्म हो चुका है, जिसमें पहले शाहरुख खान से लेकर आलिया भट्ट तक ने बाजी मारी थी। दुखद ये है कि इस साल इस लिस्ट में किसी इंडियन सिलेब्रिटी का नाम नहीं है। बीते साल 2024 में बॉलीवुड की आलिया भट्ट का नाम इस टाइम मैगजीन के 100 प्रभावी लोगों की लिस्ट में शामिल था। वहीं, साल 2023 में 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में शाहरुख खान टॉप पर थे। शाहरुख खान को उनकी फिल्म 'पठान' के लिए 1.2 मिलियन वोट्स मिले थे। इनके अलावा दीपिका पादुकोण 2018 में इस लिस्ट में शामिल थीं। वहीं इस साल भी ये उम्मीद थी कि इस बार भी किसी न किसी इंडियन सिलेब्रिटी का नाम इस लिस्ट में होगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

***एड शीरन, स्कारलेट जोहानसन जैसे हॉलीवुड सितारे लिस्ट में :*** हॉलीवुड सिंगर एड शीरन, स्कारलेट जोहानसन, एडम स्कॉट, क्रिस्टन विग, रशीदा जोन्स, डिएगो लूना, डैनियल डेडवाइलर, होज़ियर और मोहम्मद रसूलोफ़ जैसे सितारे टाइम मैगज़ीन की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सलाना लिस्ट में शामिल हैं।

***इनोवेटर्स और पायनियर्स को भी इसमें दी जाती है जगह :*** टाइम मैगजीन की ओर से जारी 100 लोगों की लिस्ट को अलग-अलग कैटिगरीज में बांटा जाता है जिसमें लीडर्स, आइकॉन्स, टाइटंस और ऐक्टर्स आदि शामिल होते हैं। इसके अलावा इनोवेटर्स और पायनियर्स को भी इसमें जगह दी जाती है। इस लिस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रम्प और उनके करीबी बिजनेसमैन एलन मस्क को भी जगह मिली है। हैरान करने वाली बात ये है कि इस साल किसी भी भारतीय को इसमें जगह नहीं मिली है।

## कॉमिक टाइमिंग और खास कॉस्ट्यूम के साथ गजब के हाव-भाव के लिए जाने जाते हैं

# पर्दे पर सबको हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जीवन दुखों और कठिनाइयों से भरा रहा

*__लॉस एंजिल्स।__ चार्ली चैपलिन के नाम से जिस कलाकार को दुनिया पर्दे पर देखती रही है और जिन्हें देखकर बिना हंसे शायद ही कोई रुके, उनकी अपनी पर्सनल लाइफ में ढेर सारे दुख और तकलीफें रही हैं। बिना बोले ही अपनी कला और एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में कहानियां बुनने में माहिर और अपनी कॉमेडी से लोटपोट करने वाले चार्ली चैपलिन हंसी और कॉमेडी की दुनिया के बेताज बादशाह रहे हैं। हालांकि, बचपन में खेलने-कूदने की उम्र में उन्होंने जो तकलीफें झेली हैं, उसकी कल्पना भी करके इंसान सिहर उठे। चार्ली चैपलिन का पूरा नाम चार्ल्स स्पेंसर चैपलिन है, जो फिल्मी दुनिया के इतिहास में चार्ली चैपलिन के नाम से मशहूर रहे। पर्दे पर उनकी मौजूदगी ही दर्शक के मुस्कुराने की गारंटी हुआ करती थी। हंसाने में माहिर चैपलिन न केवल अपनी कॉमिक टाइमिंग बल्कि खास कॉस्ट्यूम के साथ गजब के हाव-भाव के लिए जाने जाते।*



### 'द ट्रैम्प' के जरिए दुनिया भर में एक आइकन बन गए

16 अप्रैल 1889 को उनका जन्म लंदन में हुआ था। वे अपने ऑनस्क्रीन किरदार 'द ट्रैम्प' के जरिए दुनिया भर में एक आइकन बन गए। लंदन में चैप्लिन का बचपन गरीबी और कठिनाइयों में बीता। उनके पिता की मौजूदगी से दूर उनकी मां आर्थिक रूप से काफी स्ट्रगल करती रही थीं। उन्हें 9 साल की उम्र से पहले दो बार वर्कहाउस (ब्रिटेन और आयरलैंड में, वर्कहाउस यानी गरीबों के लिए घर, एक संस्था जहां आर्थिक रूप से खुद का भरण-पोषण करने में असमर्थ लोगों को आवास और रोजगार की व्यवस्था की जाती थी।) भेजा गया था। वहीं, जब वह 14 साल के हुए तो तो उनकी मां को पागलखाने में भेज दिया गया था। चैपलिन ने काफी छोटी उम्र से ही प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था और म्यूजिक हॉलों का दौरा करने के बाद एक स्टेज कलाकार और कॉमेडियन के रूप में काम किया।

***चैपलिन की फिल्में :*** उनकी पहली फीचर-लेंथ फिल्म 'द किड' (1921) थी, उसके बाद 'ए वूमन ऑफ पेरिस' (1923), 'द गोल्ड रश' (1925) और 'द सर्कस' (1928) आईं। उन्होंने शुरू में 1930 के दशक में साउंड फिल्मों में जाने से इनकार कर दिया, इसकी जगह 'सिटी लाइट्स' (1931) और 'मॉडर्न टाइम्स' (1936) बिना डायलॉग के बनाया। उनकी पहली साउंड फिल्म 'द ग्रेट डिक्टेटर'(1940) थी , जिसमें एडोल्फ हिटलर का व्यंग्य किया गया था।

### चार्ली ने चार शादियां की

चार्ली चैपलिन ने चार शादियां की थीं। उन्होंने मिल्ड्रेड हैरिस, लिटा ग्रे, पॉलेट गोडार्ड और फिर 1943 में ऊना ओ'नील से शादी रचाई। इनसे इन्हें 11 बच्चे हुए, जिनमें चार्ल्स, सिडनी, गेराल्डिन, माइकल, जोसेफिन, विक्टोरिया, यूजीन और क्रिस्टोफर आदि शामिल हैं।

### मां को भेज दिया गया पागलखाने

सितंबर 1898 में, हन्ना को केन हिल मेंटल हॉस्पिटल में भेज दिया गया। सिफिलिस और कुपोषण के संक्रमण से मेंटल प्रॉब्लम हो गई थी। दो महीने तक वह वहां रही, चैप्लिन और उसके भाई सिडनी को अपने पिता के साथ रहने के लिए भेजा गया। चार्ल्स सीनियर तब तक गंभीर रूप से शराबी हो चुके थे और वहां का जीवन इतना बुरा था कि बच्चों के प्रति क्रूरता को रोकने के लिए राष्ट्रीय सोसायटी को वहां जाना पड़ा। चैपलिन के पिता की दो साल बाद, 38 साल की उम्र में, लीवर के सिरोसिस से मृत्यु हो गई।

### अमेरिकी छोड़ने के लिए किया गया फोर्स

1940 का दशक चैपलिन के लिए कॉन्ट्रोवर्सी से भरा रहा और उनकी पॉप्युलैरिटी में तेजी से गिरावट आई। उन पर कम्युनिस्ट सहानुभूति रखने का आरोप लगाया गया और प्रेस और जनता के कुछ सदस्य उनके पैटर्निटी मुकदमे में शामिल होने और काफी कम उम्र की महिलाओं से विवाह करने से नाराज थे। उनके खिलाफ एफबीआई की जांच शुरू हुई और उन्हें अमेरिकी छोड़ने के लिए फोर्स किया गया। साल 1952 में वो स्विट्जरलैंड में शिफ्ट हो गए। इसी के साथ उन्होंने फिल्मों में 'ट्रैम्प' वाले किरदार को भी छोड़ दिया, जिनमें 'मॉन्सियूर वर्दोक्स' (1947), 'लाइमलाइट '(1952), 'ए किंग इन न्यूयॉर्क' (1957) और 'ए काउंटेस फ्रॉम हांगकांग' (1967) शामिल हैं।

# 'नो एंट्री' के सीक्वल में हुई तमन्ना की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड की यादगार कॉमेडी फिल्मों में शुमार 'नो एंट्री'का अब अगला भाग बनने की तैयारी में है। पिछले काफी वक्त से फैंस 'नो एंट्री' के सीक्वल का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अब अंततः ये होने जा रहा है। फिल्म को लेकर अब लगातार नई-नई जानकारियां भी सामने आ रही हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से एक और खबर सामने आ रही है कि 'नो एंट्री 2' में बॉलीवुड की इस खूबसूरत हसीना की भी एंट्री हो गई है।'नो एंट्री 2' में अब इंडस्ट्री के बड़े सितारों की एंट्री हो रही है।, अब 'नो एंट्री 2' में बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की भी एंट्री हो गई है। तमन्ना फिल्म में प्रमुख किरदार में नजर आ सकती हैं। इन रिपोर्ट्स की मानें तो यह तमन्ना की कॉमेडी में वापसी का प्रतीक है और वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।



# जाट की सफलता के बाद जाट-2 का ऐलान

**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल की एक्शन ड्रामा फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म की रिलीज को अभी हफ्ता भरा ही हुआ है कि फिल्म मेकर्स से इसके सीक्वल की घोषणा भी कर दी है, जिसका टाइटल होगा 'जाट 2'। माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर जाट के सीक्वल की जानकारी देते हुए एक पोस्टर जारी किया है, जिस पर बोल्ड अक्षरों में जाट 2 लिखा दिखाई दे रहा है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर इस एक तस्वीर के साथ लिखा, जाट बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद आराम नहीं कर रहा है। वह एक नए मिशन पर है। फिल्म का निर्देशन गोपीचंद करेंगे। फिल्म का निर्माण मिथ्री ऑफिशियल और पीपल मीडिया एफसीवाई करेगा।



epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड 50 ऊंचाई 5.5 इंच योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक (ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री) खाने की सुविधा दस्तावेज (आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंकसूची, बैंक पासबुक, 8 पासपोर्ट फोटो) **कार्यालय शॉप नं. 08 प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ फोन 0771-4036689 मों. 9770304037, 8120957510.**(RO-A)

**आवश्यकता है-** रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5,8,10 पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहने, खाने की सुविधा, वेतन 14500 से 19000 तक MO. 8109070600. (RO-7086)

**आवश्यकता है-** मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने हेतु सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। साक्षात्कार सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए गए पते पर **संपर्क करें ₹श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं–4, रायपुर₹ 7828901614, 7828901615.** (RO-035)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर की आवयश्कता है सैलरी योग्यतानुसार **शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भटागांव चौक रायपुर संपर्क- 9826129026, 9300129026** (RO-172)

**आवश्यकता है-** मल्टीनेशनल कंपनी के डिपो में काम करने हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। PF, ESIC की सुविधा उपलब्ध। साक्षात्कार सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए गए पते पर **संपर्क करें ₹श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं–4, रायपुर₹ 7828901614, 7828901615.** (RO-034)

### शिक्षक/ शिक्षिका

**आवश्यकता है-** श्री वेदांता पब्लिक स्कूल बिरगांव, रायपुर (अंग्रेजी माध्यम ) में कक्षा 6वीं से कक्षा 10वीं तक गणित, विज्ञान व अंग्रेजी विषय में अध्यापन कार्य हेतु (10 पद) शिक्षक/ शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। बी.एड, डी. एड. एवं अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क करें- 9111157615** (RO-7303)

### मुंशी/एकाउंटेंट

**आवश्यकता है-** कोल्ड स्टोरेज मे कार्य करने हेतु - मुंशी 2 पद, एकाउंटेंट 1 पद की आवश्यकता है, अनुभव 3 वर्ष, सैलरी योग्यता अनुसार। **पता - बेनी कोल्ड स्टोरेज रिंग रोड नं. 3, गिरोद, रायपुर मो. नं. 9009491669.** (RO-7094)

### पैकिंग/लेबर कार्य

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। **संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490** (RO-7098)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** पैरामेडिकल, OT टेक्नीशियन, नर्स, ड्राइवर रहने की सुविधा **कैलाश कान्ता हॉस्पिटल जोरा ओवर ब्रिज के नीचे रायपुर 9300734153, 07712994153.**(RO-597)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** शंकर नगर ऑफिस में ऑफिस बॉय एवं गर्ल की आवश्यकता है, जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। इच्छुक एवं योग्य व्यक्ति संपर्क करें। **मोबाइल: 9300532000.** (RO-352)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क- 8898306907.**(आरो नं.-721)

### सेल्स एक्जीकेटिव

**Requirment-** Urgent Required SALES EXECUTIVE Any graduate (Freshers/ Experience) Male/Female Location:- Devpuri, Raipur Company - Camco Industries Salary - 10,000-15,000/- Contact - **9407620262, 9039097701.**(RO-A)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** दुर्ग एवं बोड़ेगांव स्थित राईसमिल के लिये सुपरवाईजर, की आवश्यकता है उम्र 25 से 30 वर्ष रहने की सुविधा चांवल एवं सिलेण्डर फ्री दिया जायेगा। **संपर्क करें:- मो. 9303309932 7987085401** (आरो नं.-727)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** टाटीबंध स्थित FMCG एजेन्सी कार्य हेतु टाटा एस ड्राइवर, की आवश्यकता है। **संपर्क:- पदमिनी सेल्स कॉरपोरेशन, नियर शिवनाथ हुंडई शो रूम टाटीबंध, रायपुर, 8959215453, 7582091612.**(RO-517)

**आवश्यकता है-** राम मंदिर (VIP Road) रायपुर के पास कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलु कार ड्रायवर की आवश्यकता है। वेतन 14000/-12 घंटे डयूटी **संपर्क करें: -9713343666.** (RO-7213)

**आवश्यकता है-** टाटा 14 चक्का (डालाबॉडी) ट्रक डेली रायपुर बिलासपुर रायपुर चलाने ड्राइवर चाहिए जिसके पास हैवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस हो, वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करे- जय मातादी ट्रांसपोर्ट, व्यापर विहार , बिलासपुर 7024114747.**(RO-37426)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

### मैनेजर/क्लर्क

**आवश्यकता है-** सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर के लिए मैनेजर- 22000/-, असिस्टेंट मैनेजर- 21000/- अकाउंट क्लर्क /ऑफिस क्लर्क- 16000/- दुर्ग एवं बिलासपुर के लिए जे.सी.ओ. इंचार्ज- 21000/-, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग एवं नया रायपुर के लिए स्टोर होल्डर- 18000/-, बिलिंग क्लर्क /बिल चेकर /एमटीएस- 15000/-, सफाई कर्मी- 10700/- आवेदन Email ID hqcosaurc1985@gmail.com पर दिनांक 25 अप्रैल 2025 तक करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in पर विजिट करें। **संपर्क:- 9685726593.** (RO-048)

### एक्टर(कलाकार)

**आवश्यकता है-** हिंदी फिल्म एवं धारावाहिक में कार्य करने के लिए एक्टर (कलाकार) बनने के इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें प्रत्येक रविवार सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे। **ओम आलौकिक आश्रम ग्राम बोरसी (मुरमुंदा) धमधा जिला दुर्ग 7024797456** (RO-3844)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु उम्मीदवार की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित **संपर्क करें- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर मो.- 8109135400.**(RO-516)

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप में डीजल एवं पेट्रोल डालने हेतु स्टॉफ की आवश्यकता है (मेल /फीमेल) **तेलीबांधा, मैग्नेटो मॉल के आगे स्थित मोबाइल 9826147794, 9893497828** (RO-594)

### वार्डन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** हॉस्टल में आवश्यकता है महिला वार्डन, ड्राइवर + गार्ड, नशा मुक्त एकला व्यक्ति, रहने खाने की सुविधा अनुभवी एवं शाकाहारी को प्राथमिकता **जैन गर्ल्स हॉस्टल लक्ष्मी नगर पचपेड़ी नाका रायपुर 8959906595** (RO-7371)

### अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** मल्टीनेशनल कंपनी के अकाउंट्स डिपार्टमेंट में काम करने हेतु फ्रेशर B.COM ग्रेजुएट की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। PF, ESIC की सुविधा उपलब्ध। साक्षात्कार सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए गए पते पर **संपर्क करें ₹श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं–4, रायपुर₹ 7828901614, 7828901615.** (RO-036)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, संपर्क समय सुबह 10.30 से रात 9.30, **विरदीचंद मानकलाल जैन कंकाली पारा रायपुर 9425216364, 9340477419.** (RO-038)

### घरेलु/मार्केटिंग कार्य

**आवश्यकता है-** घर का घरेलू कार्य Med एवं टेलीकॉलिंग कार्य घर बैठे मार्केटिंग हेतु फीमेल चाहिए! समय 8-6 सैलरी 5,000 - 10000 खाना रहना फ्री आधार फोटो बायोडाटा भेजिए! **संपर्क:- गोकुल टावर गोगांव गुढ़यारी रायपुर Call- 9039321951, 9981096590.**(RO-047)

### सुपरवाइज/ऑफिस स्टाफ

**आवश्यकता है-** गोडाउन में काम करने हेतु एक सुपरवाईजर कम ऑफिस स्टाफ की आवश्यकता है। उम्र 25 से 30 वर्ष। 1 से 2 वर्ष अनुभवी एवं स्थानीय निवासी को प्राथमिकता। **संपर्क करें:- क्लासिक स्पार्कलर्स, BSNL OFFICE के सामने फाफाडीह चौक रायपुर वेतन 20000/- 9098092313.** (RO-501)

### केयर/टेकर

**आवश्यकता है-** केयर टेकर (देख रेख करने वाली) बच्चों एवं घर के काम हेतु आवश्यकता है रहना खाना फ्री एवं आकर्षक वेतन, **सम्पर्क करें- केरा रोड, जांजगीर 8604370647.**(RO-37470)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है जो छत्तीसगढ़ के बाहर लखनऊ कानपुर में रहकर काम कर सके योग्यता 10वीं से 12वीं वेतन 15000 +बोनस रहना फ्री **संपर्क करें:- 8120904412. 7580879892.** (RO-037)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-32, 10th, 12th पास जो आगरा, में रह कर काम कर सके वेतन 10,000/- + कमीशन + बोनस , रहना फ्री शीघ्र **संपर्क करे - 6395268809, 7252820491.**(RO-319)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** लड़कों की वेतन 10000/- , लड़कियों की 7000/- होलसेल बैग दुकान में **हरिओम प्लास्टिक कपडा मार्केट पंडरी गेट न. 8 के सामने, 9300203900, 7440784646** (RO-595)

### मैनेजर/ऑफिस कार्य

**REQUIRED:-** 1. Back Office Executive: Graduate, experience in Back Office Work. 2. Proofreader: For Hindi & English medium Book. Candidate should be PG Bioscience. 3. Marketing Manager: MBA Marketing having Experience in Sales & Marketing. Contact: 11:00 to 1:00, Navbodh Prakashan, 7, Samta Colony, Near Bhimsen Bhawan, Raipur, 0771-4200932, hr@navbodh.com.(RO-520)

### राईस मिल कार्य

**आवश्यकता है-** दुर्ग स्थित राईस मिल में धान हाफर काटने के लिये दिन एवं रातपाली में 5-5 लड़को की आवश्यकता है। रहने की सुविधा चांवल एवं सिलेंडर फ्री। **संपर्क करें- मो- 9303309932, 7987085401** (आरो नं.-728)

### मिस्त्री/हेल्पर

**आवश्यकता है-** दुर्ग से बालोद रोड ग्राम कुथरेल में अपना ढाबा में अनुभवी मिस्त्री सप्लाई हेल्पर चहिए वेतन योग्यतानुसार मिस्त्री 15000 से 20000 सप्लाई हेल्पर 9000 से 12000 तक दिया जाएगा। **mo.-9098459847, 93035799982.**(आरो नं.-729)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Forest Department को जिलानुसार लड़के लड़कियों की पद संख्या-875 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (32500+62500 )रहना +खाना सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (आशीष साहू )- **7460994309.** (RO-806)

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट/मकान

**बेचना है-** FLAT FOR SALE 6th floor Amlidih 1550 Sqft built up area 3 BHK, 3 Balcony, 2 Lift with power backup Nearby Market and Hospital Call- **9827406686, 9425280803.**(RO-046)

**मकान बेचना है-** रायपुर संतोषी नगर के प्राइम लोकेशन शुभम- के मार्ट के पीछे कविता नगर (रजा सिटी) में 1000 वर्गफुट में निर्मित न्यू मकान फॉलसेलिंग, वॉलपेपर एवं पंखा और बोर लगा हुआ स्वतंत्र मकान बेचना है **मो. 7692999909, 7587790092.**(RO-3846)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक




CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 3.00 pm

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL-

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

आवश्यक सूचना



## जैकेट के शेष

### शिकारियों के फंदे ....

सफारी क्षेत्र में शिफ्ट किया गया। इस घटना के करीब कुछ दिनों पहले, इसी क्षेत्र के कांदुलनार गांव के रहने वाले सर्वे कुन्ना नामक व्यक्ति की बाघ के हमले में मृत्यु हो गई थी। इस बात ने भी इलाके में दहशत फैला दी थी और वन्यजीवों तथा मानव बस्तियों के बीच संघर्ष की स्थिति को उजागर किया था।

### प्रदेश के युवाओं ....

और फैशन प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखता है। यह छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने के लिए फैशन उद्योग के साथ सहयोग करता है।

### हैवी अर्थ मूविंग ....

सिस्टम 2.0, ऑनलाइन आवेदन, और त्वरित प्रोसेसिंग जैसी सुविधाओं ने उद्यमियों के लिए छत्तीसगढ़ में कारोबारी माहौल को आसान किया है। नीति के तहत उद्योगों को 30-50 प्रतिशत सब्सिडी, 5 से 12 वर्ष तक की कर छूट और ब्याज अनुदान जैसे आकर्षक प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा, 1000 से अधिक रोजगार प्रदान करने वाली इकाइयों के लिए बी-स्पोक पॉलिसी और प्रति व्यक्ति 15,000 रुपये तक का प्रशिक्षण अनुदान भी शामिल है। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 5 लाख नए रोजगार सृजित करना है, जो स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### आठ घंटे प्रसव ....

पैदा हुआ तो वहीं दूसरी ओर बीती रात पुनः समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण उपचार के अभाव में नवजात की मौत हो गई। इन दो घटनाओं के बाद मृत नवजात के परिजन सदमे में है और अब उन्होंने मामले में जांच व कार्रवाई की मांग की है। इधर मामले को संज्ञान में लेते हुए संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सभी को नोटिस जारी कर जांच व कार्रवाई के निर्देश सीएमएचओ को दिए है।

### नर्स के भरोसे अस्पताल, ...

बरगीडीह में भर्ती कराया गया था। परिजन प्रसूता को लेकर दोपहर 2 बजे अस्पताल पहुंचे थे लेकिन अस्पताल में सिर्फ एक नर्स के अलावा कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। बड़ी बात यह है कि अस्पताल में तीन चिकित्सक और चार नर्स की ड्यूटी लगी हुई है। परिजन का आरोप है कि जब नर्स ने ड्यूटी डॉक्टर को फोन कर प्रसव केस की जानकारी दी तो उसने अस्पताल आने से मना कर दिया और प्रसव कराने का जिम्मा नर्स को दे दिया। इस दौरान दिनभर परिजन प्रसूता को लेकर अस्पताल में पड़े रहे। रात लगभग 8 बजे प्रसूता को प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो उसे लेबर कक्ष में ले जाया गया जहां नर्स डेढ़ घंटे तक प्रसूता दर्द से तड़पती रही। प्रसव में दिक्कत पर नर्स ने ज्योती सोनवानी को इंजेक्शन लगाने के साथ ही एक टेबलेट खाने को दिया। इसके बाद उसकी हालत और बिगड़ गई। प्रसूता को लेकर गई परिजन उर्मिला सोनवानी ने नर्स से कहा भी कि उसका छोटा ऑपरेशन कर दे लेकिन नर्स ने यह कहते हुए इंकार कर दिया कि वह ऑपरेशन नहीं कर सकती है।

### बीएमओ का वीडियो ....

वे बीएमओ अपनी मर्जी से नहीं बने है और ना ही उन्हें मेडिकल लाइन से कोई मतलब है। अब इस वीडियो के वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली ही सवालों के घेरे में आ गई है।

### धनखड़ बोले...

मिसाइल बन गया है। दरअसल, अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता है कि वह पूर्ण न्याय (कम्पलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए।

### छत्तीसगढ़ -ओडिशा के ...

के लिए एक पारस्परिक समझौता पूर्व में किया गया है। अब छत्तीसगढ़ सरकार और ओडिशा सरकार को अनेक आवेदन नए मार्ग खोलने के लिए मिले हैं। इस मामले को लेकर अब छत्तीसगढ़ सरकार के परिवहन विभाग ने एक सूचना जारी कर इससे प्रभावित होने वालों से 30 दिनों के अंदर दावा आपत्ति मंगाई है और संशोधन का प्रारूप जारी किया है। **बस किराए पर लेने का अनुबंध 6 साल का होगा** : यात्री बसों को किराये पट्टे पर लेने के मामले में, अनुबंध केवल परिवार के सदस्यों के बीच कम से कम छह साल की अवधि के लिए होगा और इसे संबंधित उप-पंजीयक के समक्ष पंजीकृत किया जायेगा। केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 के नियम 60 के अंतर्गत किराये पट्टे के तथ्य को पंजीकरण प्रमाण पत्र में उल्लेखित किया जाना अनिवार्य होगा।

### बस संचालकों में ...

विभाग सिर्फ उड़ीसा वालों का सपोर्ट करता है, छत्तीसगढ़ राज्य की ना पहले गाड़ियां चलने दी है ना अभी चलने दे रहा है। अपने कोटे के परमिट तो ले ही लेते हैं छत्तीसगढ़ के कोटे के परमिट भी उड़ीसा वाले ले लेते हैं और यहां के परिवहन विभाग अधिकारी उनको दे भी देते हैं।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगांव**

**// विद्युत बंद की सूचना //**

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि डोंगरगांव शहर में सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान विद्युत लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। अतः नीचे प्रदर्शित निम्नलिखित क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

| क्र. | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | दिनांक | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डोंगरगांव | 11 के.व्ही. डोंगरगांव टाउन-1 | 19.04.2025 | सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक | रेस्ट हाऊस, जनपद कार्यालय, शिक्षक कालोनी, सिनेमा लाईन, फौव्वारा चौक, कुम्हार पारा एवं मेन रोड बस स्टैण्ड के आस-पास क्षेत्र। |
| | | | | सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | चंडी मंदिर, बाजार एरिया, राजीव गांधी चौक के आस-पास क्षेत्र। |

असुविधा के लिए खेद है।
"दाई, ददा मन बिजली बचाही, तभे लईका मन बिजली पाही"
टीप :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टेट पावर डिस्ट्री. कंपनी लिमि. डोंगरगांव



**न्यायालय तहसीलदार पंडरिया**
**जिला - कबीरधाम**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202503081100030अ 20 (1) 2024-2025
आवेदक -: कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पंडरिया, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)
विरूद्ध छ.ग. शासन

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम पंडरिया प.ह.न. 36 रा.नि.म. व तहसील पंडरिया को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (नजूल शाखा) के ज्ञापन क्रमांक / 1586 / नजूल / 2024-25 कबीरधाम दिनांक 04/03/2025 के अनुसार नगरीय क्षेत्र पंडरिया के शासकीय भूमियों को नजूल घोषित करने बाबत राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 4 - 1 एवं छ.ग. शासन राजस्व आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र दिनांक 19/01/2017 के अनुसार एवं कलेक्टर सिल कबीरधाम के आदेश क्रमांक / 641 / स्थापना / F-20(V) / 2025 कबीरधाम दिनांक 20/01/2025 के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अनुभाग पंडरिया का नजूल अधिकारी का दायित्व सौपा गया है। प्रकरण दर्ज कर सार्वजनिक ईश्तहार का पेपर प्रकाशन एवं अन्य औपचारिक कार्यवाही पूर्ण कर प्रकरण प्रेषित किए जान हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में खसरा एवं रकबा विवरण की सूची पृथक से संलग्न है। जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 11/05/2025 को प्रातः 11.00 बजे तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथी पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुंहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
पंडरिया



**कार्यालय नगर पंचायत कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
पता-पुराना बाजार चौक- कुरूद, ईमेल- kurudnp@gmail.com

क्रमांक /909/ लो.नि.वि./ नि.आ.सू./2025-26 कुरूद, दिनांक 17/04/2025

**-:: मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

नगर पंचायत कुरूद क्षेत्रांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 समय-समय पर आवश्यकतानुसार 'विभिन्न रोड, नाली, भवन/ चबूतरा, पाईप लाईन विस्तार मरम्मत- संधारण कार्य एवं लघु निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदार/ फर्म से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निर्धारित तिथि एवं समय :-**
1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 25.04.2025 सायं 5.30 बजे तक
2. कोरे निविदा हेतु शुल्क राशि जमा करने की अंतिम तिथि - 29.04.2025, सायं 5.30 बजे तक
3. कोरा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 05.05.2025, सायं 5.30 बजे तक
4. स्पीड पोस्ट से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 13.05.2025, दोपहर 3.00 बजे तक
5. निविदा खोले जाने का दिनांक - 13.05.2025, सायं 4.00 बजे

उपरोक्त कार्यों के निविदा की विस्तृत / सामान्य शर्तें, निर्धारित तिथि, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से एवं विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (कुल कार्यो की संख्या 04, कुल लागत राशि 40.00 लाख रू.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुरूद
जिला- धमतरी (छ.ग.)


## पेज एक के शेष

### सरकार ने पानी, बिजली, टॉवर...

रहा है कि पिछले 10 सालों में 16 परिवार पहाड़ी से नीचे उतरकर बस गए, लेकिन अब भी ज्यादातर पहाड़ी के ऊपर बसे हुए है, जहां कोई भी सुविधाएं नहीं है।

**रमन सरकार ने बनाई थी योजना** : 10-12 वर्ष पूर्व रमन सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण योजना बनाकर पहाड़ी के ऊपर बसे कमार जनजाति परिवारों को पहाड़ी के नीचे नया गांव ताराझर बनाकर बसाने की योजना बनाई गई। 2014-15 में भाजपा सरकार के दौरान तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 07 किलोमीटर दूर धारपानी और नेशनल हाईवे के किनारे बकायदा नया ताराझर गांव बसाया गया। इस गांव में 32 पक्का मकान इंदिरा आवास का निर्माण किया गया, तीन प्रधानमंत्री आवास का निर्माण बाद में किया गया। नए बसाए गए गांव में बकायदा बिजली लगाई, दो तालाब का निर्माण किया गया, पानी की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सौर सुजला योजना के तहत 24 घंटे पानी उपलब्ध कराई गई। पहाड़ी के ऊपर निवास करने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के 32 परिवारों को बकायदा नया ताराझर में लाकर बसाया गया। उस दौरान सरकार द्वारा बकायदा इन परिवारों को मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराते हुए उनके पुस्तैनी व्यवसाय बांस बर्तन बनाने के लिए बांस की जंगल भी उपलब्ध कराया गया। यहां निवास करने वाले ग्रामीणों को खेती किसानी के लिए जमीन उपलब्ध कराने का वायदा भी किया गया था।

### जन-मन योजना के तहत...

फिर उम्मीद जगी है कि कमार जनजाति के लोगों को जीविका के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराया जाए तो पहाड़ी के नीचे नया ताराझर गांव में बसाया जा सकता है।

### सरकार बदलते ही...

पहाड़ी के ऊपर से उतरकर निवास कर रहे 32 परिवार बकायदा 06-07 वर्षों तक इस नया ताराझर में निवास भी किए और उन्हे खेती किसानी व जीविकोपार्जन में दिक्कत होने के कारण यहां के ग्रामीण वापस अपने गांव पहाड़ी के ऊपर फिर चले गए।

### पहाड़ी से लौटे ग्रामीणों ने...

ग्रामीणों ने कहां भले पहाड़ी में कोई सुविधा न मिले, लेकिन जीवन जीने के लिए पर्याप्त बांस बर्तन बनाने के लिए साधन है।

### विधायक निधि से खर्च...

मुहर लगी है। करीब माहभर पहले हरिभूमि ने इस संबंध में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी और बताया था कि राज्य में एमएलए लैड्स पोर्टल तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही प्रोजेक्ट पायलेट के रूप में लांच किया जाएगा। इस पोर्टल को सबसे पहले रायपुर जिले में लागू किया गया है। इस पोर्टल के लांच होने के बाद शासन द्वारा विधायकों को विधायक निधि के तहत जारी की जाने वाली राशि के एक-एक पाई का हिसाब पोर्टल में दर्ज होगा।

**पोर्टल से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण** : ऑनलाइन एमएलए लैड्स पोर्टल की प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए गुरुवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने डेमो के माध्यम से सभी को ऑनलाइन पोर्टल की कार्य प्रणाली, आवेदन प्रक्रिया, स्वीकृति एवं निगरानी तंत्र की जानकारी दी।

### एमपीलैड्स की ...

एमपीलैड्स की तरह ही विधायकों के लिए एमएलए लैड्स ऑनलाईन पोर्टल बना है। इस पोर्टल में भी विधायक निधी की गाइड लाइन, विधायक निधी, व्यय का ब्योरा, स्वीकृत व पूरे हुए कार्यों का ब्योरा सहित अन्य तमाम जानकारी उपलब्ध रहेगी। यह पोर्टल पब्लिक डोमेने में है, जिससे प्रदेश के आम लोग भी पोर्टल के माध्यम से जानकारी ले सकेंगे कि उनके राज्य एवं विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधी से कौन-कौन से कार्यों के लिए अनुशंसा किए जाने का प्रावधान के साथ स्वीकृति दी गई है। पोर्टल में विधायकों को कब और कितना फंड जारी हुआ तथा फंड से कौन-कौन से विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है तथा कितने पूर्ण और अपूर्ण हैं, इसकी भी जानकारी रहेगी।

### खर्च का दिया जाएगा...

प्रतिशत कार्य पूर्ण, तीसरी किस्त 75 प्रतिशत और अंतिम किस्त की राशि कार्य पूर्ण होने के बाद जारी की जाएगी। इससे निर्माण एजेंसी पर भी समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा। कार्य की प्रगति की रिपोर्ट भी पोर्टल में अपलोड होगी। इस तरह पोर्टल के माध्यम से विधायक निधि की राशि की पाई-पाई का हिसाब भी रखा जाएगा।

### किसी के गले की नस...

है और पाकिस्तान का इससे संबंध केवल अपना अवैध कब्जा खाली करने तक का ही है। यहां ये भी स्पष्ट है कि किसी बाहरी ताकत का भारत के आंतरिक मामलों में कोई दखल नहीं है।

### पाकिस्तानी जनरल ....

बल्कि रीति-रिवाजों, संस्कृति, सोच और महत्वाकांक्षाओं में भी प्रदर्शित होता है। उन्होंने कहा, कश्मीर इस्लामाबाद के गले की नस था और रहेगा।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद गरियाबंद, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
दूरभाष 07706-241349 फैक्स नं- 07706-241349 Email-nagarpalikagariaband@gmail.com

क्रमांक /162/ न.पा./ लो.नि.वि./ 2025-26 गरियाबंद, दिनांक 17/04/2025

**मैनुअल पद्धिति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत संस्था/ फार्म/ एजेंसी ठेकेदारो/ से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "A" में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है-
निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि - 24.04.2025 सायं 05.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 01.05.2025 सायं 05.30 बजे तक
बंद लिफाफे में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 08.05.2025 दोप. 04.30 बजे तक
प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि - 09.05.2025 सायं 05.30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत (रु.लाख में) | अमानत राशि (रुपये में) F.D.R. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
